* ओड़िशा संस्करण
14 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 85

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## राम मंदिर

प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन

08 दिन शेष






## आइएनडीआइए गठबंधन की हुई वर्चुअल बैठक

# खड़गे गठबंधन के अध्यक्ष बने

- नीतीश ने संयोजक बनने से किया इंकार, लालू के नाम का प्रस्ताव
- शरद पवार ने कहा, संयोजक की जरूरत नहीं, पार्टी प्रमुखों की बनेगी एक टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाया गया है। अभी आधिकारिक घोषणा बाकी है। वहीं संयोजक की नियुक्ति नहीं करने पर सहमति बनी है। बैठक खत्म होने के बाद पुणे में शरद पवार ने कहा कि आइएनडीआइए ब्लॉक के सदस्यों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है। बैठक में नीतीश कुमार का नाम संयोजक के लिए सुझाया गया था। बाद में सहमति बनी कि पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनायी जानी चाहिए। संयोजक नियुक्त करने की जरूरत नहीं है। सूत्रों के मुताबिक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन नीतीश ने मना कर दिया। लालू यादव को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया, जिसका समर्थन नीतीश ने भी किया। इसकी पुष्टि बिहार के मंत्री संजय झा ने भी की। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में सीटों के बंटवारे पर भी चर्चा हुई। उधर, बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मिडिया पर पोस्ट किया कि हर कोई खुश है कि सीट-बंटवारे की बातचीत सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है। मैंने राहुल गांधी के साथ सभी आइएनडीआइए दलों को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसेक बाद खड़गे के आवास पर बैठक के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक संभवतः दिल्ली सहित अन्य राज्यों में सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत हुई।



### बैठक में नौ विपक्षी दल हुए शामिल

आइएनडीआइए के 28 दलों के इस गठबंधन में सिर्फ नौ पार्टियां ही वर्चुअल बैठक में शामिल हुईं। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू यादव और तेजस्वी यादव (राजद), बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (जदयू), दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल (आप), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कांफ्रेंस), सीताराम येचुरी (सीपीआइ-एम), डी राजा (सीपीआइ), शरद पवार (एनसीपी-शरद पवार) और डीएमके की तरफ से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शामिल हुए। तृणमूल प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव मीटिंग में शामिल नहीं हुए।

### गठबंधन सिर्फ वर्चुअल मीटिंग ही करेगा : नड्डा

गठबंधन की वर्चुअल मीटिंग को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जब मैंने आज आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक के बारे में सुना, तो मैंने पूछा कि बैठक कहां हो रही है। पता चला कि यह एक वर्चुअल बैठक है। वर्चुअल गठबंधन सिर्फ वर्चुअल मीटिंग ही करेगा। इससे ज्यादा वे कुछ नहीं कर सकते। पीएम मोदी का एजेंडा विकसित भारत, युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, गरीबी कम करना है। उनका (विपक्ष) एजेंडा क्या है? यह 'मोदी हटाओ' है। गठबंधन के केवल दो एजेंडे हैं, परिवार बचाओ और संपत्ति बचाओ।

### चुनाव को लेकर कांग्रेस और झामुमो की बैठक


रांची/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को नयी दिल्ली में झामुमो और कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा सीटों के बंटवारे तथा वर्तमान राजनैतिक परिस्थिति पर चर्चा की गयी। इसमें झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन, पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, केंद्रीय महासचिव सह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत और मोहन प्रकाश शामिल हुए।

# बंगाल में उत्तर प्रदेश के साधुओं की पिटाई

पुलिस ने कहा : लोगों को बच्चे चुराने का शक था, भाषा के चलते हुई गलतफहमी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं की पिटाई का मामला सामने आया है। भीड़ ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे पलट दिया। तीनों साधु उत्तर प्रदेश के हैं और मकर संक्राति के लिए गंगासागर जा रहे थे। पुरुलिया के एसपी अविजीत बनर्जी ने बताया कि तीन साधु किराये की एक बोलेरो से जा रहे थे। गौरांगडीह के पास तीन लड़कियां पास के काली मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही थीं। साधुओं की गाड़ी इनके पास जाकर रुकी और उनसे कुछ पूछा। भाषा की वजह से गलतफहमी हुई और लड़कियों को लगा कि साधु उनका पीछा कर रहे हैं। वे वहां से चिल्लाते हुए भागीं। एसपी बनर्जी ने बताया कि इसके बाद स्थानीय लोग साधुओं के पास पहुंचे और उन्हें पास के एक मंदिर में ले गये। इस दौरान भीड़ ने उनसे पूछताछ की और मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसे पलट दिया। पुलिस ने साधुओं को भीड़ से बचाया और उनकी शिकायत पर एफआइआर दर्ज की है। 12 लोगों



को गिरफ्तार किया गया है। एक साधु मधुर गोस्वामी ने कहा कि हम लोग गंगासागर जा रहे थे। रास्ते में अचानक गाड़ी को रोका। लोगों ने हम लोगों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। 200 लोग थे या 300, हमें नहीं पता। हम तो बेहोश हो गये थे। पुलिस-प्रशासन हमें थाने लेकर आ गया। दो लड़कियां भी आयीं थीं। उन्होंने माफी मांगी। हमने उनसे कहा कि हमारे ही कोई पाप रहे होंगे, जो ये सजा मिली। हम लोग कुछ नहीं चाहते। उधर, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह पालघर पार्ट-2 ममता बनर्जी के कार्यकाल में हुआ है। बंगाल के हालात चौंकाने वाले हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा ने कहा कि भाजपा जरूरी सवालों के जवाब नहीं देती। इसके बजाय वे कुछ और पूछने लगते हैं। भाजपा नेता घटना को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं।

## न्यूज रील्स

### पीएम 27 जनवरी को बिहार जायेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को एक दिन के लिए बिहार के बेतिया जायेंगे। वह बेतिया के सुगौली में जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही बिहार में केंद्र की कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इससे पहले मोदी 13 जनवरी को बेतिया जाने वाले थे। जो रद्द हो गया था।

### मॉरीशस में प्राण प्रतिष्ठा पर दो घंटे छुट्टी

मॉरिशस। मॉरीशस की सरकार ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को हिंदू धर्म मानने वाले कर्मचारियों के लिए दो घंटे की छुट्टी की घोषणा की है। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। मॉरीशस की कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया कि राम मंदिर का उद्घाटन एक ऐतिहासिक घटना है।

### हेमंत सोरेन को इडी का आठवां समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी ) ने पत्र भेजा है। इस चिट्ठी को आठवें समन के रूप में देखा जा रहा है। इडी ने इस पत्र में हेमंत सोरेन से अब तक पूछताछ के लिए नहीं आने का कारण पूछा है। हेमंत सोरेन से इस मामले में जवाब देने के लिए एक 16 से 20 जनवरी तक का समय दिया है। इडी ने मुख्यमंत्री को 16 से 20 जनवरी तक इस पत्र का जवाब देने के साथ हाजिर होने को कहा है। इडी ने कहा है कि वह खुद आयें या इडी को उनके पास आना पड़ेगा।

### केजरीवाल को इडी का चौथा समन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली शराब घोटाले में इडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से समन भेजा है। जांच एजेंसी ने उन्हें 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। केजरीवाल को इडी का यह चौथा समन भेजा है। इससे पहले उन्हें 3 जनवरी और पिछले साल 2 नवंबर और 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। तीनों बार केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे।

## एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स

# यूएसए ने भारत को 1-0 से हराया



जर्मनी ने चीली को, जापान ने चेक रिपब्लिक को और न्यूजीलैंड ने इटली को दी शिकस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स मैचों का शनिवार को आगाज हुआ। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भारत बनाम यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (यूएसए) का मैच देखने पहुंचे। उन्होंने मैच का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। भारत और यूएसए के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा। पहले हाफ में यूएसए ने एक गोल कर बढ़त हासिल की और भारत को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। यूएएस ने भारत को 1-0 से हराया। इससे पहले शनिवार को तीन मुकाबले हुए। इसमें जर्मनी ने चीली को 3-0, जापान ने चेक रिपब्लिक को 2-0 से और न्यूजीलैंड ने इटली 3-0 से हरा कर जीत हासिल की।

### मुख्यमंत्री को किया गया आमंत्रित



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को विकास आयुक्त अविनाश कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से एफआइएफ हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला : 3

# अयोध्या आंदोलन की स्तंभ, राम मंदिर आंदोलन की आवाज दीदी मां ऋतंभरा

- **16 वर्ष की उम्र में पहना भगवा, बोलतीं हैं तो मानो युद्धभूमि में तलवारों की टंकार गूंज रही हो**
- **यूं ही नहीं मिला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पहला निमंत्रण पत्र**
- **तंबू भी तनेगा तो तनेगा धूमधाम से, बंबू भी लगेगा तो लगेगा धूमधाम से : साध्वी ऋतंभरा**

**आजाद सिपाही विशेष**

सूरज अपनी गरिमा छोड़ सकता है। चंद्रमा अपनी शीतलता का परित्याग कर सकता है। सागर अपनी सीमाओं का उल्लंघन कर सकता है, पर राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को विश्व की कोई ताकत रोक नहीं सकती। यह एक साध्वी का संकल्प है, एक रामभक्त का ओज और मां भारती की आराधना में लीन एक तपस्विनी की हुंकार। अयोध्या में कारसेवकों पर उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सरकार ने गोलियां चलवायी थीं। पुलिस की बंदूकों ने जिन कारसेवकों का असमय प्राण हर लिये, उनके संकल्प एक-एक हिंदू के रग-रग में संचारित होते रहें, इसके लिए वह साध्वी आज दहाड़ रही थीं। एक-एक शब्द मानो युद्ध का निनाद था, हरेक भाव-भंगिमा मानो युग परिवर्तन का आह्वान और सामने रामभक्तों का जनसैलाब। वह स्थान देश की राजधानी दिल्ली का इंडिया गेट था, जहां श्रीराम कारसेवा समिति, विश्व हिंदू परिषद और राम जन्मभूमि न्यास के बुलावे पर दुनिया के कोने-कोने से रामभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। जिधर दृष्टि पड़े, रामभक्तों का तांता। मंच पर लगे माइक से जो आवाज रामभक्तों में जोश का संचार कर रही थी, वह आवाज थी- साध्वी ऋतंभरा की। कैसे साध्वी ऋतंभरा ने राम मंदिर आंदोलन में जान फूंका और कैसे बनीं इस आंदोलन की बुलंद आवाज, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

**16 वर्ष की उम्र में भगवा चोला पहन लिया, बोलतीं तो मानो युद्धभूमि में तलवारों की टंकार :** पंजाब के लुधियाना स्थित दोराहा में जन्मीं निशा ने महज 16 वर्ष की उम्र में भगवा चोला पहन लिया था। हरिद्वार के गुरु परमानंद गिरी ने उन्हें साध्वी जीवन का नया नाम दिया- ऋतंभरा। आज भी साध्वी ऋतंभरा की वाणी में ऐसा ओज है कि वह सुनने वालों में एक गजब सी कशिश पैदा कर देती है। तब ऋतंभरा युवावस्था में थीं। वह बोलतीं तो ऐसा लगता मानो युद्धभूमि में तलवारों की टंकार गूंज रही हो। उनके एक-एक शब्द संकल्पों की सिद्धि को प्रेरित करता और रामभक्तों में नये जज्बे का संचार कर देता। वह बेबाक थीं, कोई डर नहीं, कोई संशय नहीं। इसलिए दिल की बात बेझिझक उनकी जुबां पर आ जाती। दिल्ली की ही उस रैली में साध्वी ऋतंभरा ने मुलायम सिंह यादव को कातिल और हिजड़ा जैसे शब्दों से नवाजा, तो राम मंदिर का विरोध करने वालों को कुत्ता तक कहा।

**ये राम द्रोही नेताओं के प्राण इनकी कुर्सी में रहते हैं, इनकी कुर्सी छीन लो, ये अपने आप कुत्ते की मौत मर जायेंगे :** साध्वी ऋतंभरा एक रामभक्त से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहती हैं, मैंने उससे कहा, तुम एक हिजड़े को मारने के लिए गोली बर्बाद करोगे? दरअसल, कारसेवकों की हत्या से दुखी उस रामभक्त ने पास में बंदूक रखने की इच्छा साध्वी ऋतंभरा के सामने जतायी थी, जिस पर साध्वी ने उसे समझाते हुए कहा कि राम के विरोधी नेताओं पर गोलियां चलाने की जरूरत नहीं है, उन्हें कुर्सी से हटा दो। वह मंच से कहती हैं, ये राम द्रोही नेताओं के प्राण इनकी कुर्सी में रहते हैं, इनकी कुर्सी छीन लो, ये अपने आप कुत्ते की मौत मर जायेंगे। इनको मारने के लिए किसी बम-बारूद, गोली की जरूरत नहीं है। इसी बेबाकी से साध्वी ऋतंभरा मंच से आवाज देतीं, तो रामभक्तों का संकल्प और गहरा हो जाता। उनकी कविताएं देशप्रेमियों के दिलों को बखूबी सिंचित करतीं। साध्वी ऋतंभरा कहा करतीं हैं, हिंदू हो या मुसलमान, जिसको इस देश से प्यार नहीं, तो फिर उसको इस देश में रहने का कोई अधिकार नहीं।

**तंबू भी तनेगा तो तनेगा धूमधाम से, बंबू भी लगेगा तो लगेगा धूमधाम से: साध्वी ऋतंभरा**

तंबू भी तनेगा तो तनेगा धूमधाम से, बंबू भी लगेगा तो लगेगा धूमधाम से, युद्ध भी ठनेगा तो ठनेगा धूमधाम से, हर्ष भी मनेगा तो मनेगा धूमधाम से, हिंदू जो करेगा, वो करेगा धूमधाम से, रामजी का मंदिर बनेगा धूमधाम से, मिर्ची लग रही है वोट वालों को, मत वाले मतवालों से टकराके देख लीजिए, जोर है तो जोर आजमाके देख लीजिए, जीतता है राम या हराम जीतता है, अब एक बार निर्वाचन करवा के देख लीजिए हैसियत का पता चल जायेगा अंजाम से, रामजी का मंदिर बनेगा धूमधाम से।





**आरएसएस से जुड़ीं, फिर अयोध्या आंदोलन की ताकत बनी :** दरअसल, 1980 के दशक में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन छेड़ा तो इससे देशभर के साधु-संत जुड़ने लगे। एक ओजस्वी वक्ता के रूप में साध्वी ऋतंभरा राम मंदिर आंदोलन का प्रमुख चेहरा बन गयीं। इससे पहले साध्वी ऋतंभरा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महिला संगठन राष्ट्रीय सेविका समिति से भी जुड़ी थीं। लेकिन वीएचपी के कार्यक्रमों के जरिये उन्होंने हिंदू जागृति अभियान की कमान संभाल ली। 1990 में जब अयोध्या आंदोलन ने जोर पकड़ लिया तो साध्वी ऋतंभरा घर-घर जाने लगीं। 06 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया, तो वह अयोध्या में ही थीं। इसलिए लिब्राहन आयोग ने बाबरी विध्वंस के लिए जिन 68 आरोपियों की सूची बनायी, उसमें साध्वी ऋतंभरा का भी नाम था। आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा कि साध्वी ऋतंभरा ने तीखे भाषणों के जरिये मस्जिद विध्वंस का माहौल बनाया था।

### एमपी की दिग्विजय सरकार ने साध्वी ऋतंभरा को भेजा था जेल

अयोध्या में राम जन्मभूमि से बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराये जाने के तीन साल ही हुए थे कि मध्य प्रदेश में साध्वी ऋतंभरा को गिरफ्तार कर लिया गया। तब एमपी में कांग्रेस की सरकार थी और मुख्यमंत्री थे दिग्विजय सिंह। साध्वी ऋतंभरा ने इंदौर की एक जनसभा में इसाइ मिशनरियों की तरफ से हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवाये जाने पर अपनी चिंता जाहिर की। तब सीएम दिग्विजय सिंह के आदेश पर मध्य प्रदेश की पुलिस ने साध्वी ऋतंभरा को भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद साध्वी ऋतंभरा 11 दिन बाद जेल से निकल पायीं। उसके बाद वह धीरे-धीरे थोड़ा गुप्त रहने लगीं।

### मोदी और योगी की सरकार में मंदिर नहीं बनेगा तो फिर कब बनेगा?

बाद में साध्वी ऋतंभरा ने वृंदावन में वात्सल्य ग्राम की स्थापना की। उन्होंने मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर और हिमाचल प्रदेश के सोलन में भी वात्सल्य ग्राम बनवाये। बाद में इसकी शाखाओं का विस्तार होता रहा। वात्सल्य ग्राम के बच्चे उन्हें दीदी मां कहकर पुकारते हैं। दीदी मां को पुस्तकें पढ़ने का शौका है। उन्हीं दीदी मां के वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में देश का पहला बालिका सैनिक स्कूल भी खुला है। साध्वी ऋतंभरा के प्रवचन आज भी लोगों को आह्लादित करते हैं। उनके प्रवचनों को पसंद करने वालों की संख्या करोड़ों में हैं। साध्वी ऋतंभरा रामकथा करती हैं और श्रीमद्भागवत कथा भी। वह आज भी बेधड़क, बेहिचक अपने मन की बात कहती हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो मीडिया ने साध्वी ऋतंभरा का विचार जानना चाहा। एक टीवी इंटरव्यू में साध्वी ऋतंभरा ने बिना लाग-लपेट कह डाला, राम रहेंगे टाट में, भक्त रहेंगे ठाठ से? ऐसा नहीं होना चाहिए। नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की सरकार में मंदिर नहीं बनेगा तो फिर कब बनेगा?

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पहला निमंत्रण पात्र मिला

यह वही साध्वी ऋतंभरा थीं, जिन्होंने महज 15 वर्ष पहले यानी 2014 से पहले 14 अप्रैल, 2008 को नरेंद्र मोदी को राष्ट्रनायक बताया था। अहमदाबाद के टैगोर हॉल में साध्वी ऋतंभरा ने कहा था, मैं आज गुजरात के लोकनायक की पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में नहीं आयी हूं, मैं राष्ट्रनायक के रूप में नरेंद्र भाई मोदी को देखती हूं। वह अवसर था गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की लिखी पुस्तक ज्योतिपुंज के लोकार्पण का। 05 अगस्त, 2019 को राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए अयोध्या पहुंचे उस राष्ट्रनायक नरेंद्र मोदी ने रामलला को दंडवत प्रणाम किया तो साध्वी ऋतंभरा गदगद हो रही थीं। आज वह हर इंटरव्यू में उस दृश्य का बखान करती हैं और कहती हैं, यह एकजुट हिंदुओं के दृढ़संकल्प का परिणाम है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का पहला निमंत्रण पत्र साध्वी ऋतंभरा को ही मिला।

# रामलला के एकमात्र 'रामसखा' जस्टिस देवकी नंदन अग्रवाल

## मां के कहने पर उठाया था मंदिर आंदोलन का बीड़ा

न्यायमूर्ति देवकी नंदन अग्रवाल राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के इतिहास के उन अमर नायकों में शामिल हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कोशिशों से ही अदालत में फैसला मंदिर के पक्ष में आया और राम मंदिर के लिए भूमि अधिग्रहण का भी मार्ग प्रशस्त हो सका था। मुकदमे की पैरवी के समय हमेशा न्यायमूर्ति देवकीनंदन के साथ जाने वाले उनके भांजे डॉ. सिद्धार्थ बताते हैं कि मंदिर को लेकर फैजाबाद के सिविल कोर्ट में चल रहे मुकदमे में सबसे बड़ी दिक्कत थी कि मंदिर का पक्ष रखने वाला कोई नहीं था। जो पक्षकार मुकदमा लड़ रहे थे, उनका सीधे मंदिर से कोई जुड़ाव नहीं बनता था। ऐसे में सखा के रूप में जस्टिस देवकीनंदन को इस मुकदमे का पक्षकार बनाया गया था और वह आजीवन इसके लिए लड़ते रहे।

**मरते दम तक बने रहे 'रामसखा', निर्णायक साबित हुई भूमिका :** राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन को सफल बनाने में जिन नायकों को इतिहास कभी नहीं भुला नहीं पायेगा, उनमें एक नाम इलाहाबाद हाइकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस देवकीनंदन अग्रवाल का भी हैं। मंदिर आंदोलन को निर्णायक विजय में बदलने में उनकी भूमिका अहम साबित हुई। यह जस्टिस देवकीनंदन की सूझबूझ का ही नतीजा है कि अदालत में फैसला न सिर्फ मंदिर के पक्ष में आया, बल्कि राम मंदिर के लिए भूमि अधिग्रहण का रास्ता भी साफ हो सका। मंदिर को लेकर फैजाबाद के सिविल कोर्ट में चल रहे मुकदमे में सबसे बड़ी अड़चन थी कि मंदिर का पक्ष रखने वाला कोई नहीं था। जो पक्षकार मुकदमा लड़ रहे थे, उनका सीधे मंदिर से कोई जुड़ाव नहीं बनता था। ऐसे में जस्टिस देवकीनंदन ने ही सुझाया कि हमें रामलला विराजमान को ही पक्षकार बनाना चाहिए। जब रामलला खुद पक्षकार बन जायेंगे, तो यह अड़चन दूर हो जायेगी। प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति को सिविल कानून में जीवित व्यक्ति के समान दर्जा प्राप्त है। चूंकि रामलला ईश्वर हैं, इसलिए उनकी मृत्यु नहीं हो सकती। इस बारे में अशोक सिंघल से भी वार्ता हुई। उनकी सहमति मिलने के बाद उन्होंने एक जुलाई 1989 को लखनऊ खंडपीठ ने रामलला विराजमान को पक्षकार बनाने के लिए याचिका दाखिल की। यह याचिका स्वीकार कर ली गयी। मगर चूंकि रामलला विराजमान बाल रूप में हैं, इसलिए उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए 'रामसखा' की आवश्यकता थी। जस्टिस देवकीनंदन ने स्वयं को 'रामसखा' के रूप में प्रस्तुत करते हुए सिविल सूट नंबर पांच दाखिल किया। उनको पक्षकार संख्या एक के तौर पर दर्ज किया गया। जस्टिस देवकीनंदन के मम्फोर्डगंज स्थित आवास पर ही इस अर्जी का पूरा ड्राफ्ट तैयार किया गया। उन्होंने खुद इम्प्लीडमेंट अर्जी दाखिल की। यह कदम निर्णायक साबित हुआ। रामलला विराजमान को पक्षकार बनाने का नतीजा यह रहा कि विवादित स्थल का फैसला रामलला के पक्ष में आया और सरकार भी बिना किसी बाधा के मंदिर के लिए भूमि अधिग्रहण कर सकी। अन्यथा किसी अन्य संस्था अथवा व्यक्ति के लिए सरकार की ओर से अधिग्रहण करने में बाधा है। वह आठ अप्रैल 2002 को निधन होने तक 'रामसखा' बने रहे। जस्टिस देवकीनंदन का योगदान आंदोलन में मील का पत्थर साबित हुआ। इतना ही नहीं वह जब तक जीवित रहे, लोगों को निरंतर उनकी मदद मिलती रही। वह खुद सिविल कानून के माहिर वकील और जज थे। इसलिए कानूनी पेचीदगियों पर उनकी सलाह बहुत अहम और उपयोगी होती थी। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपनी मां के कहने पर मंदिर आंदोलन में सहयोग करने का निर्णय लिया था। उन्होंने अयोध्या में सरयू के तट पर जाकर शपथ ली थी कि रामलला का मंदिर बनवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। अशोक सिंघल से उनकी काफी घनिष्ठता थी। वह अक्सर जस्टिस देवकीनंदन से मंदिर आंदोलन को लेकर सलाह लेने आते थे।



### जस्टिस अग्रवाल की बेटी लंदन से आयेंगी अयोध्या

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रामलला की मुक्ति के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले रामलला के इकलौते मित्र जस्टिस देवकीनंदन अग्रवाल की याद आयोजकों को आयी है। जन्मभूमि की मुक्ति के लिए रामलला विराजमान के सखा के रूप में मुकदमा दाखिल करने वाले न्यायमूर्ति देवकीनंदन अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन बर्मिंघम में रहने वाली उनकी पुत्री डॉ मीनू अग्रवाल अपनी पुत्री के साथ अयोध्या के समारोह में विशिष्ट मेहमान बनकर आयेंगी। विहिप के महामंत्री चंपत राय ने डॉ मीनू अग्रवाल को न्योता भेजने के बाद फोन पर बात कर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने की खुशखबरी दी। इसके बाद मीनू के घर में उनके रिश्तेदारों और भारतीय मूल के परिचितों की ओर से बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। बर्मिंघम के सटरन कोर्ट फील्ड स्थित उनके घर में उत्सव का माहौल है। रामलला विराजमान की ओर से जन्मभूमि की मुक्ति के लिए उनके पिता ने आजीवन मुकदमा लड़ा था। अब जब गर्भगृह में रामलला के बालरूप की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ दिन तय हो गया है, तब उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। 78 वर्षीया मीनू ने बताया कि कोरोना काल के बाद से ही तबीयत ठीक नहीं रह रही है, लेकिन इस खुशी के मौके पर कई गुना ताकत बढ़ गयी है। कदम रुक नहीं रहे हैं। वह अपनी बेटी अनुराग के साथ अयोध्या आयेंगी। 20 जनवरी को उनकी फ्लाइट दिल्ली पहुंचेगी। वहां से वह सबसे पहले अपने भाई विभव अग्रवाल के घर जायेंगी। वहां से 21 को वह अयोध्या टैक्सी से जायेंगी। वहां मंदिर के पास ही अरविंदो आश्रम में उनके रहने का इंतजाम किया गया है। डॉ मीनू 1965 में शादी होने के बाद से ही बर्मिंघम में रह रही हैं।

## कार सेवकों पर गोलियों की बौछार के बीच रामकृपा से बची थी राजाराम यादव की जान

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का उल्लास देखकर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव भावुक हो उठते हैं। वह बताते हैं कि 1987 में असम के शिवसागर में वह ओएनजीसी में भूगर्भ वैज्ञानिक के पद पर तैनात थे। उसी समय आरएसएस के शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सर संघ चालक बाला साहब देवरस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का ताला खुलने की जानकारी दी थी। इस समाचार से मन में अलौकिक स्पंदन हुआ और नेत्र सजल हो उठे थे। वह खुशी का ऐसा भाव था, जिसे व्यक्त कर पाना कठिन है। वह कहते हैं, मन में उठा ज्वार श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की तरफ धकेलने लगा, लेकिन ओएनजीसी के भू-वैज्ञानिक के रूप में कर्तव्य आड़े आ रहे थे। भगवान राम के प्रति उपजे समर्पण और सेवा भाव ने अंततः भूवैज्ञानिक पद से त्यागपत्र दिलवा दिया। ओएनजीसी ने एक वर्ष बाद त्यागपत्र स्वीकार कर लिया। इसके बाद 1988 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयाग महानगर प्रचारक का दायित्व मिला। मेरी स्मृति में 1990 का वह विशाल जनसमूह आज भी तैरता है, जब शिला पूजन के लिए लंबा कारवां अयोध्या की ओर चल पड़ा। प्रयाग में लाखों के जन ज्वार का नेतृत्व स्वामी वासुदेवानंद कर रहे थे। संघ के प्रचारक के रूप में इस पुनीत कार्य की व्यवस्था का जिम्मा मुझ पर भी था। इस विशाल जनसमूह में फाफामऊ में ही अधिकांश को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन कुछ लोग अयोध्या पहुंचने में सफल रहे। 29 अक्तूबर 1990 को कारसेवकों की विदाई के बाद 31 अक्तूबर 1990 को प्रयाग से सात कार्यकर्ता गावों के मार्ग से अयोध्या कारसेवा के लिए निकल पड़े। 90 किलोमीटर का यह मार्ग हम सबके लिए अपरिचित था, लेकिन राम कृपा से निर्बाध रूप से चलते गये। रास्ते के गांवों में भक्तों ने हमको भगवान राम के सेवक की तरह मानकर सेवा की।

### कारसेवा की याद को किया साझा

31 अक्तूबर को रास्ते में अयोध्या पहुंचे कार सेवकों की ओर से बाबरी ढांचे के गुंबद के ऊपर विजय ध्वज फहराये जाने की सूचना मिली। इस सूचना ने मन में असीम साहस एवं ऊर्जा का संचार किया। नवंबर की पहली तारीख थी, जब हम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंच गये। सायंकाल का समय था। मणिराम छावनी परिसर में अशोक सिंघल दो नवंबर 1990 को राम जन्मभूमि परिसर घेरने का आह्वान कर रहे थे। छावनी में एकत्र जनसमूह इतना विशाल था कि गेट से प्रवेश कर पाना संभव नहीं था। इसलिए हम लोग बाउंड्री के सहारे छत पर जाकर आंदोलन के नायक अशोक सिंघल का उद्बोधन सुनने लगे। दो नवंबर को योजनानुसार हनुमान गढ़ी वाले मुख्य मोर्चे में कारसेवा के लिए हम लोग आगे बढ़ गये। हम लोग मुख्य सड़क पर प्रवेश करने ही वाले थे कि छतों के ऊपर से गोलियों की बौछार होने लगी। प्रभु श्रीराम को मुझसे कुछ और भी कार्य करवाना था, ऐसे में दैवीय संयोगवश मैं बच गया। कारसेवकों के संकल्प एवं धैर्य में कोई कमी नहीं आयी। करीब घंटे भर बाद परमहंस महंत रामचंद्रदास महाराज की जीप आयी और शहीद कोठारी बंधुओं के शवों सहित घायल कार सेवकों को ले गयी। इसके बाद हम धीरे-धीरे पुलिस से बचते हुए छिपते हुए कारसेवकपुरम पहुंच गये। तीन नवंबर को सरकार से हुए समझौते के अनुसार हम लोगों को रोडवेज की बसों से प्रयागराज भेज दिया गया। प्रो यादव बताते हैं, रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कारसेवा का यह अनुभव स्मृति पटल पर अब भी अंकित है। इस पर समय की धूल नहीं जम पायी है। कारसेवकों का त्याग बलिदान ताजा है। संपूर्ण देश से आये कारसेवक मित्रों की याद आती रहती हैं। मन बेहद प्रसन्न है कि गुलामी के प्रतीक बाबरी ढांचा विध्वंस के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीति के परिणामस्वरूप रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.1 °c | 8.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.24 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.28 बजे | |

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** — परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य सफल होगा, विरोधियों पर विजय पाने की कोशिश सफल हो सकती है।
- **मिथुन** — धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** — माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** — पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** — बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** — नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।
- **वृश्चिक** — पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **धनु** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** — विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **मीन** — बिना-विचारे कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# फैक्ट्री के धुएं और डस्ट से फूल रहा दम

**बच्चों और ग्रामीणों के स्वास्थ्य से किया जा रहा खिलवाड़**

**कई शिकायतों के बाद भी नहीं सुन रहा प्रदूषण विभाग**

सुनील भंडारी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अरविंदो फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड हार्ड कोक कोयला भट्ठा जेलगढ़ा, गोविंदपुर में स्थित है। हजारों घरों के बीचो-बीच फैक्ट्री होने से यहां रह रहे, लाखों लोगों को जीवन शैली पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों द्वारा कई बार उपायुक्त को प्रार्थना पत्र दिया गया कि फैक्ट्री को बंद या अन्य जगह स्थानांतरण किया जाये, लेकिन इसका कोई खास असर विभाग की ओर से देखने को नहीं मिला। प्रदूषण बोर्ड भी अपनी नाकामी छिपाने पर लगा है, और आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपना पलड़ा झाड़ रहा है। इस भट्ठे से सटे एक बड़ा स्कूल भी है, मोनफोर्ट एकेडमी जिसमें करीबन 400 बच्चों को रोज विद्यालय आना-जाना रहता है और ना चाहते हुए भी इस भट्टे द्वारा निकले कोयले की छाय और काले धुएं तथा डस्ट को बच्चे अपने अंदर लेते हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा भी कई बार शिकायत की गयी कि इस भट्टे के होने से बच्चों के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंच रहा है। परंतु विभाग ने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया देना सही नहीं समझा। ग्रामीणों की मानें तो इस भट्टे के कारण कई लोगों को सांस की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन लोग बीमार भी पड़ रहे हैं, लेकिन विभाग इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। भट्टे से थोड़ी दूर पर मंगलम नर्सिंग होम भी है, जहां कई मरीज अपना इलाज कराने आते जाते रहते हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं का भी आना-जाना लगा रहता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी खतरा है। प्रदूषण बोर्ड की इस बेरुखी के कारण ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। और ग्रामीण फैक्ट्री के खिलाफ आंदोलन की बात सोच रहे हैं।

### क्या कहते हैं संबंधित अधिकारी

ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को दिया हुआ लेटर प्राप्त हुआ है, फैक्ट्री मालिक से इस संबंध में बात भी हुई है। हम इतनी जल्दी किसी को हटा नहीं सकते, फैक्ट्री पहले से वहां पर स्थित है। आबादी आज बढ़ी है। फैक्ट्री मालिक को सूचना दिया जा चुका है।

### शिकायत कर चुके हैं : विक्की राय

हमलोग इस फैक्ट्री के खिलाफ कई बार उपायुक्त को शिकायत कर चुके हैं। परंतु आज तक कोई कार्रवाई फैक्ट्री मालिक के उपर नहीं हुई है। ग्रामीण इस फैक्ट्री से लगातार बीमार पड़ रहे हैं। फैक्ट्री मालिक करोड़ों की मलाई खाकर एसी कार से आते हैं, और शिशा बंद कर निकल जाते हैं। और फैक्ट्री का धुआं, डस्ट, छाई हम लोग चूर्ण की तरह फांकने को दे दिया गया है। अगर जल्दी इस पर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी तो हड़िया, डैक्ची लेकर ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। मोंनफोर्ट एकेडमी आमाघाटा के प्रबंधक का कहना है कि कई बार फैक्ट्री के खिलाफ आवेदन दिया जा चुका है। बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका काफी बुरा प्रभाव भी पड़ रहा है, लेकिन अब तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए 169 ग्रामीण रूट चिह्नित

**सर्वाधिक रूट दुमका जिले में चिह्नित किये गये हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के क्रियान्वयन के लिए 169 ग्रामीण रूटों का चयन कर लिया गया है। परिवहन विभाग ने सभी सुझाव व आपत्तियों का निराकरण करते हुए ग्राम गाड़ी योजना के लिए दुमका, पाकुड़, कोडरमा, तिलैया, बरही, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, गढ़वा, चाइबासा, चक्रधरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण बस परिचालन के लिए रूट तय किया है। सर्वाधिक रूट दुमका जिले में चिह्नित किये गये हैं। सीएम ग्राम गाड़ी योजना से फिलहाल कम से कम 100 बसों के परिचालन का प्रयास चल रहा है। सरकार इसके लिए अनुदान भी देगी। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वरोजगार मिले और संबंधित क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए इस योजना को शुरू किया गया है। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर ग्रामीण बस सेवा प्रारंभ की जाये।

# 2024 के चुनाव में मीडिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबूलाल

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मीडिया कार्यशाला संपन्न

**राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने मीडिया विभाग को दिये कई टिप्स**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मीडिया कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया का रोल महत्वपूर्ण है। मीडिया विभाग अपने अस्त्र सस्त्र के साथ तैयार रहे। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस गलत तथ्य देकर लोगों को गुमराह करती रही है। इसे उजागर करना मीडिया का कार्य है। कांग्रेस के जमाने में मिट्टी तेल और कोयला के लिए लोग तरसते थे, किंतु मोदी सरकार ने घर-घर गैस देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सफल कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना मीडिया का कार्य है।




**कल्याणकारी योजनाओं से जनता को अवगत कराना मीडिया विभाग का है कार्य : जफर इस्लामः** कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद जफर इस्लाम ने कहा कि मीडिया विभाग पार्टी की एंबेसडर की तरह है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार की प्लांटेड स्टोरी पर मजबूती से पक्ष रखना होगा। हेमंत सरकार गलत तथ्यों के साथ लोगों को गुमराह करने में लगी हुई है। विपक्ष के बातों का अध्यन कर अपनी बात रखनी होगी। सरकार के प्लांटेड स्टोरी का सच सामने लाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 313 कल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रखना होगा। कार्यशाला में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने विषय प्रवेश कराया। बैठक चार सत्रों में संपन्न हुई। इस दौरान मंच पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रतुलनाथ शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश कुमार, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, राजीव तिवारी, अशोक बड़ाइक और तारिक इमरान उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन रंजीत चंद्रवंशी ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, एससी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक जितु चरण राम, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, कमाल खान, शोभा यादव, सभी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश पैनलिस्ट, ज़िला मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी उपस्थित थे।

### तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बातें रखें : कर्मवीर सिंह

मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के वैचारिक योगदान के साथ आगे बढ़ना है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। पार्टी लाइन को ध्यान में रखकर अपनी बात रखनी है। तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बातें रखनी चाहिए। तार्किक बातों से प्रभाव छोड़ा जा सकता है। 2024 चुनाव में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। घर-घर तक पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों और मोदी की गारंटी पहुंचाना है। इसके साथ ही हेमंत सरकार की विफलता भी सबके बीच रखना है।

# आग से 40 लाख का सामान जलकर खाक

**चाकुलिया।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित केरूकोचा में हाट बाजार में पटाखा बेचने वाले पटाखों में किसी कारणवश आग लग गयी। आगलगी की इस घटना में करीब 40 लाख रुपये का नुकसान हो गया। इस घटना में 13 बाइक और एक छोटा हाथी चार पहिया वाहन जलकर खाक हो गया।


**SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR**

DHURWA, RANCHI-4, Ph. (0651) 2445071, 7903061070

(CBSE Affiliated, Sr. Secondary Co-Ed. School)

E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in

**VACANCIES**

| Post | Subjects | Post | Subjects |
|---|---|---|---|
| PGT | Hindi, Economics, Accountancy | NTT | |
| TGT | Maths, | Others | Counselor |
| PRT | Science | | |

1.Educational Qualifications as per CBSE norms. 2.Application Forms available at school office on all working days from 9.00 am to 12.30 pm at the cost of Rs 500/- . Application form available at our School website. Fee may be paid in form of DD in favour of Saraswati Shishu Vidya Mandir payable at Ranchi 3.Apply on or before 03.02.2024. 4. Reporting time and Written Exam on 11.02.2024 (9.30 AM)

Admission open for Class Pre-Nursery to Class 8th

Principal


# 10.4 लाख कैश के साथ दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना पर छापामारी करते हुए जामताड़ा साइबर पुलिस ने जिले के बिंदापाथर थाना अंतर्गत जगन्नाथपुर गांव से दो साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर एसपी अनिमेष नैथानी ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उक्त गांव से साइबर अपराध को अंजाम दिये जाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से साइबर डीएसपी मजरूल होदा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सूचना के अनुसार जगन्नाथपुर गांव में छापेमारी की, जहां से संजीत मंडल और जितेन गोरांय को साइबर अपराध करते रंगे हाथ पकड़ा गया। एसपी ने बताया कि इनके विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना में कांड संख्या 2/ 24 दर्ज किया गया है।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**

**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**

(Jharkhand Govt. Undertaking)

Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712

(CIN: U45200JH2002SGC012154)

JPhC सुखद पुलिस आवास

**e-Procurement Notice No. 22 / 2023-24**

Letter No.- CE/3513/52 Date: 13.01.2024

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT22/ 2023-24 | Construction of 225 Bedded Mahila Barrack (Block 1) at Chaibasa Police Line in the district of West Singhbhum. | 53045704.00 | 10000.00 | 531000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT22/ 2023-24 | Construction of 225 Bedded Barrack at Dumka Police Line in the district of Dumka. | 48686402.00 | 10000.00 | 487000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 3 | JPHCL/ GR 03/ NIT22/ 2023-24 | Construction of L.S. Quarter (Block 1) at Chaibasa Police Line in the district of West Singhbhum. | 37797094.00 | 10000.00 | 378000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 4 | JPHCL/ GR 04/ NIT22/ 2023-24 | Construction of 16 L.S. Quarter at Police Line, Khunti in the district of Khunti. | 41437196.00 | 10000.00 | 415000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 5 | JPHCL/ GR 05/ NIT22/ 2023-24 | Construction of Smart Police Station Building at Bariyatu in the district of Ranchi. | 49311331.00 | 10000.00 | 494000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 6 | JPHCL/ GR 06/ NIT22/ 2023-24 | Construction of Smart Police Station Building at Bundu in the district of Ranchi. | 48903615.00 | 10000.00 | 490000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 7 | JPHCL/ GR 07/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 U.S. Quarter (Block 1) at Chaibasa Police Line in the district of West Singhbhum. | 49463824.00 | 10000.00 | 495000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 8 | JPHCL/ GR 08/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 U.S. Quarter (Block 1) at Dumka Police Line in the district of Dumka. | 41132687.00 | 10000.00 | 412000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 9 | JPHCL/ GR 09/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 U.S. Quarter (Block 2) at Dumka Police Line in the district of Dumka. | 41132687.00 | 10000.00 | 412000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 10 | JPHCL/ GR 10/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 U.S. Quarter (Block 3) at Dumka Police Line in the district of Dumka. | 41132687.00 | 10000.00 | 412000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 11 | JPHCL/ GR 11/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+2 100 Bedded Barrack (Block 1) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 35174286.00 | 10000.00 | 352000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 12 | JPHCL/ GR 12/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+2 100 Bedded Barrack (Block 2) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 35174286.00 | 10000.00 | 352000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 13 | JPHCL/ GR 13/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+2 100 Bedded Barrack (Block 3) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 35174286.00 | 10000.00 | 352000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 14 | JPHCL/ GR 14/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+2 100 Bedded Barrack (Block 4) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 35174286.00 | 10000.00 | 352000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 15 | JPHCL/ GR 15/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter (Block 1) at Dumka Police Line in the district of Dumka | 39096821.00 | 10000.00 | 391000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 16 | JPHCL/ GR 16/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter (Block 2) at Dumka Police Line in the district of Dumka | 39096821.00 | 10000.00 | 391000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 17 | JPHCL/ GR 17/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter (Block 3) at Dumka Police Line in the district of Dumka | 39096821.00 | 10000.00 | 391000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 18 | JPHCL/ GR 18/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter (Block 4) at Dumka Police Line in the district of Dumka | 39096821.00 | 10000.00 | 391000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 19 | JPHCL/ GR 19/ NIT22/ 2023-24 | Construction of G+3 16 L.S. Quarter (Block 5) at Dumka Police Line in the district of Dumka | 39096821.00 | 10000.00 | 391000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 18.01.2024 at 11:00 AM to 30.01.2024 up to 4:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 4:00 PM on 30.01.2024. Bids received online will be opened at 4:00 PM on 31.01.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**


# पद्मश्री बुलू इमाम के पुत्र जस्टिन इमाम का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के संस्कृतिकर्मी और क्यूरेटर जस्टिन इमाम (49) का शनिवार को दीपूगढ़ा स्थित आवास में हार्ट अटैक से निधन हो गया। जस्टिन इमाम पद्मश्री सम्मान से सम्मानित बुलू इमाम के बड़े पुत्र थे। अचानक दर्द होने पर परिजन आरोग्यम अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर दिन में एक बजे महा गिरजाघर चर्च में प्रार्थना के बाद हुरहुरू सिमेट्री में नम आंखों से उनके पार्थिव शरीर को मिट्टी दी गयी। जस्टिन की मौत की सूचना से सोशल मीडिया पर देश विदेश से शोक संवेदनाओं का तांता लग गया। वह पद्मश्री सम्मान से सम्मानित बुलू इमाम के बड़े पुत्र थे। उनके परिवार में पत्नी अलका इमाम, बेटे एडम इमाम, बेटी इवा इमाम पिता बुलू इमाम, माता एलिजाबेथ इमाम, फिलोमिना इमाम समे दो छोटे भाई हैं।



फाइल फोटो।

### सोहराई को जीआइ टैग दिलवाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

हजारीबाग और झारखंड की विरासत को संजोने और उसे देश और दुनिया के सामने लाने में जुटे थे। हजारीबाग की सोहराई कला को उन्होंने जीआइ टैग(जियोग्राफिकल इंडिकेशंस टैग) दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। हजारीबाग की सोहराई आर्ट को उन्होंने विश्व मंच दिलाने के लिए लंबा प्रयास किया। वह विरासत संस्था से जुड़े थे। दो साल पहले 2022 में उन्हें विश्व विरासत दिवस के अवसर पर जस्टिन इमाम को पटना राष्ट्रीय देशज सेवा रत्न सम्मान 2021-22 से सम्मानित किया गया था।

# झारखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए आवेदन 22 से

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में सिपाही के 4919 पदों पर वैकेंसी निकाली गयी है, फिलहाल, आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी गयी है। बता दें कि इन पदों पर भर्ती के लिए 15 जनवरी 2024 से आवेदन प्रक्रिया शुरू होनी थी लेकिन अब झारखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए 22 जनवरी 2024 से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी और अंतिम तिथि 21 फरवरी 2024 तय की गयी है। इसके लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# आदिवासियों के हृदय में बसते हैं मोदी: राधा मोहन दास

**11 फरवरी तिलका मांझी की जयंती के दिन जनजाति सम्मेलन कर उनकी शहादत को सम्मान करेगी भाजपा एसटी मोर्चा**

- 11 फरवरी को रांची में होगा विशाल जनजाति सम्मेलन
- पीएम मोदी को शामिल होने का किया जायेगा आग्रह
- विभिन्न राज्यों से जनजाति समाज के लोग होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** 11 फरवरी को रांची में होने वाले विशाल जनजाति सम्मेलन के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्वोत्तर राज्यों के मोर्चा के पदाधिकारियों एवं प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजयसभा सांसद समीर उरांव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव,राष्ट्रीय महामंत्री कलीराम मांझी, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रभारी निक्की हेंब्रम, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन, छत्तीसगढ़ एसटी मोर्चा अध्यक्ष विकास मरखाम, ओड़िशा एसटी मोर्चा अध्यक्ष विधायक नित्यानंद गोंड, बंगाल एसटी मोर्चा महामंत्री मेघा सोरेन, महामंत्री आशुतोष सरदार उपस्थित हुए। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय महामंत्री मोर्चा एवं राष्ट्रीय प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज के लोगों के हृदय में बसते हैं। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि आदिवासी समाज ने पूरी ताकत और समर्पण के साथ दिल खोलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि 75 वर्षों में पहली बार किसी आदिवासी समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाना, देश के सभी आदिवासी महापुरुषों के सम्मान करना, धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा, मोदी कैबिनेट में 8 आदिवासी मंत्री बनाना, पीएम जन मन योजना के माध्यम से आदिवासियों का सतत विकास सहित कई ऐसे कार्य देश के 10-12% आदिवासी आबादी को भाजपा और मोदी के साथ जोड़ती है।

उन्होने कहा कि 11 फरवरी को रांची में लाखों की संख्या में विशाल जनजाति सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन की तिथि 11 फरवरी तिलक मांझी की जयंती दिवस के दिन तय गयी है। यह सम्मेलन के माध्यम से बाबा तिलका मांझी के शहादत को राष्ट्रीय पटल पर सम्मान देने का कार्य होगा।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में झारखंड, बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय राज्यों के लोग भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से झारखंड की राजनीति का चमत्कारी परिवर्तन होगा, यह एक प्रकार का गेम चेंजर साबित होगा।


प्रेस वार्ता में एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद समीर उरांव, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उराव, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक, मोर्चा महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, राजेंद्र मुंडा उपस्थित थे।






# मकर संक्रांति पर नमो पतंग उत्सव

**संजय सेठ बोले-राम मंदिर और पीएम मोदी के चित्र वाले पतंग होंगे आकर्षण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी सांसद संजय सेठ की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को भव्य नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है। राजधानी रांची के रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान (हेहल) में 11 बजे से नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पतंग पर राम मंदिर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र आकर्षण का केंद्र होंगे। आपको बता दें कि पिछले 16 वर्षों से पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद संजय सेठ ने बताया कि 16 साल पहले जब पतंग उत्सव का आयोजन किया गया था, तब बाबा रामदेव द्वारा इसकी शुरुआत की गयी थी। उसके बाद से लगातार सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में यह आयोजन होता आ रहा है। यह कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी में आयोजित किया जाता है, लेकिन खादी मेले के कारण यह आयोजन इस बार रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में किया जा रहा है।

**मकर संक्रांति पर बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता**

रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि मकर संक्रांति पर बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। इसके साथ ही पतंग पर राम मंदिर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र आकर्षण का केंद्र होंगे। विभिन्न पतंगों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता के बाद चूड़ा-गुड़ का वितरण किया जायेगा।

## परिवार अदालत के फैसले को हाइकोर्ट ने सही ठहराया

# पिता तुम्हारे भगवान, देना होगा गुजारा भत्ता: हाइकोर्ट

**50 हजार महीने कमायी करता है बेटा फिर भी नहीं देना चाहता है गुजारा भत्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हरहाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी। हाइकोर्ट ने परिवार अदालत के उस फैसले पर मुहर लगायी, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3000 रुपये बतौर भरण-पोषण देने होंगे। इस फैसले के खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अपने इस फैसले में अदालत ने कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं। अदालत ने अपने




आदेश में कहा है कि यदि आपके माता-पिता आश्वस्त हैं, तो आप भी आश्वस्त महसूस करते हैं, यदि वे दुखी हैं, तो भी आप दुखी महसूस करेंगे। आपको अपने माता-पिता की अच्छाई और बुराई दोनों विरासत में मिलती है और एक व्यक्ति पर जन्म लेने के कारण कुछ ऋण होते हैं, जिसमें पिता और माता का ऋण भी शामिल होता है, जिसे हमें चुकाना होता है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभास चांद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, कोडरमा की परिवार अदालत ने एक व्यक्ति को उसके पिता को 3000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ मनोज नाम के व्यक्ति ने हाइकोर्ट में अपील दाखिल की थी। सुनवाई में अदालत को यह बताया गया कि पिता के पास कुछ कृषि योग्य भूमि है, फिर भी वह उस पर खेती करने में सक्षम नहीं हैं। वह अपने बड़े बेटे प्रदीप कुमार साव पर भी निर्भर है, जिसके साथ वह रहता है। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर हिस्सा दिया है, लेकिन 15 साल से अधिक समय से उनका भरण-पोषण उनके छोटे बेटे ने नहीं किया है। पिता ने अदालत को बताया कि मनोज कुमार गांव में एक दुकान चलाता है, जिससे उसे प्रति माह 50,000 रुपये की कमायी होती है इसके अलावा कृषि भूमि से उसे प्रति वर्ष 2,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है। इस पर परिवार अदालत ने छोटे बेटे को अपने पिता को 3000 रुपये हर महीने देने का आदेश दिया।

# महुआ माजी ने प्याऊ का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर (भूतहा तालाब) के प्रांगण के बाहर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने अपने सांसद मद से बने प्याऊ का उद्घाटन किया। साथ ही तिल सकरात के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण, बच्चों के बीच पतंग और सभी के बीच खिचड़ी, दही-चूड़ा, चिप्स, अचार का वितरण किया।

युवाओं के चहेते वार्ड 18 के प्रत्याशी सोमवित माजी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में हम सभी लोग वार्ड 18 सहित तमाम रांची विधानसभा के लोगों के लिए हर परिस्थिति में खड़े हैं। इस प्याऊ के उद्घाटन के अवसर पर नंद किशोर सिंह चंदेल, संजय सिंह लल्लू,भोलू सिंह, राहुल सिंह, शंकर दुबे, रवि कुमार पिंकू, राधा हेमरोम, पिंटू पासवान, विक्की कुमार, अशोक महतो, मुकेश सिंह, करण सिंह, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, सौरभ रजक, नमन भरतिया, प्रियांशु वर्मा, आयुष वर्मा, पवन रजक, सूरज गुप्ता, शुभम सिंह, ऋत्विक मोदक, लकी रजक, प्रिंस मोदी आदि हजारों कि संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ज्यादा ठंड होने से हार्ट अटैक का खतरा : डॉ महेश कुशवाहा



डॉ महेश कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एमडी मेडिसिन
डीएम कॉर्डियोलॉजी।



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ठंड के मौसम में नसें ज्यादा सिकुड़ती हैं और सख्त बन जाती हैं। इससे नसों को गर्म और एक्टिव करने के लिए ब्लड का फ्लो बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर भी बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने से हार्ट अटैक होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में जिन्हें पहले से ही दिल की बीमारी है या जिन्हें पहले भी हार्ट अटैक हो चुका है, उनके लिए ज्यादा ठंड जानलेवा हो जाती है। यह जानकारी डॉ महेश कुशवाहा ने दी।

### दिल की बीमारी है तो तीन बातें ध्यान रखें

नमक कम से कम खायें - दिल के मरीजों को अपने खाने में नमक की मात्रा कम से कम लेनी चाहिए, केवल इस वजह से ही नहीं कि यह ब्लड प्रेशर की समस्या को बढ़ा देगा, बल्कि इसे ध्यान में रखें कि नमक शरीर में पानी को रोकता है। पानी को रोकने का मतलब यही होगा कि शरीर में दिल को ज्यादा मात्रा में लिक्विड को पंप करना होगा। यानी ज्यादा मेहनत करनी होगी। नतीजा हार्ट अटैक के रूप में आ सकता है। दिल का एक काम शरीर में मौजूद रक्त के साथ लिक्विड को पंप करने का भी होता है। जिन्हें दिल की बीमारी होती है, ऐसे में अगर आप बहुत ज्यादा पानी पी लेंगे तो हार्ट को पंपिंग में और भी मेहनत करनी पड़ेगी और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जायेगा। इसके लिए अपने डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। कई लोग सुबह उठकर दो-तीन गिलास पानी पीते हैं। हार्ट के मरीज हैं तो किसी भी मौसम में ऐसा न करें, ठंड के मौसम में तो बिल्कुल भी नहीं।

### न सुबह जल्दी उठें और न जल्दी सैर पर जायें

जिन लोगों को पहले भी हार्ट अटैक आ चुका है या जिनके दिल पर ज्यादा खतरा है, वे ठंड के दिनों में न तो बिस्तर जल्दी छोड़ें और न ही जल्दी सैर पर जायें। ठंड की वजह से नसें पहले से ही सिकुड़ी हुई होंगी और जब ठंडे वातावरण के संपर्क में आयेंगे तो बाहर की अधिक सर्दी की वजह से शरीर को अपने आप को गर्म बनाये रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। इससे दिल को ज्यादा काम करना पड़ेगा।

# विहिप कार्यकर्ताओं ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीराम जन्मभूमि से पूजित अक्षत निमंत्रण अभियान के 13वें दिन शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने झारखंड के प्रत्येक गांवों और नगरों की गली-गली में हजारों परिवार को निमंत्रण दिया। इसी क्रम में विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार ने बोकारो, धनबाद साहिबगंज, पाकुड़, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू और प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने रामगढ़, हजारीबाग के डेमोटांड़ एवं चरही, कोडरमा, देवघर, गिरिडीह के पीरटांड़, इसरी, बगोदर, बिशुनगढ़ प्रखंड के गांव गोविंदपुर तथा प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार एवं



बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर ने खूंटी, गुमला, लातेहार, पलामू में प्रवास कर कार्यकर्ताओं को उत्साहवर्धन कर अभियान को गति दी। प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक गांवों और नगरों की गली-गली में उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं के जरिये पूजित अक्षत एवं नूतन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण दे रहे हैं। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि चाहे गांव हो चाहे शहर भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा को देखकर लगता है मानो त्रेतायुग में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम बनवास से लौटे हैं और उनका राजतिलक की तैयारी चल रही हो।

# नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ हो: राजेश गुप्ता

**प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम एवं बन्ना गुप्ता से मुलाकात कर,ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही प्रदेश में शहरी नगर निकाय करवाने का मांग पत्र सौंपा। नेताओं ने मांग पूर्ति का आश्वासन दिया। कांग्रेस मंत्री द्वय को सौंपे मांग पत्र में राजेश गुप्ता ने कहा है कि



झारखंड में आपके गठबंधन की सरकार है इसलिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आपसे मांग करती है कि ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही शहरी निकाय का चुनाव सरकार करवाये। कांग्रेस के उपरोक्त दोनों मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता को आश्वस्त किया कि ओबीसी का आरक्षण देकर ही शहरी नगर निकाय चुनाव कराने का काम किया जायेगा। झारखंड भवन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश पूर्व मेयर रमा खालको को भी मांग पत्र सौंप कर ओबीसी आरक्षण शहरी नगर निकाय में लागू करके ही चुनाव करने का मांग किया है। मांग पत्र सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ सुप्रीम कोर्ट के विद्वान अधिवक्ता अरविंद गुप्ता दिल्ली प्रदेश के राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रमेश प्रसाद का नाम शामिल है।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने अधिकारियों संग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# नयी सोच के साथ कार्य निष्पादन पर महाप्रबंधक ने दिया बल

**इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित करते हुए पारंपरिक सोच के बदले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा शनिवार को मुख्यालय, हाजीपुर में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक में सुगम रेल परिचालन, संरक्षा, यात्री सुविधा/सुरक्षा, रेल विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गयी । बैठक में अपर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा, संरक्षा आदि से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की। इसके साथ ही बैठक में पांचों मंडलों की ओर से पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-



अपने मंडलों की उपलब्धियों एवं किये जा रहे कार्यों की जानकारी तथा निर्धारित लक्ष्य से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर बल दिया। उच्चाधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने इनोवेशन के लिए प्रोत्साहित करते हुए पारंपरिक सोच के बदले नयी सोच के साथ कार्य करने की सलाह दी ताकि प्रत्येक क्षेत्र में और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। महाप्रबंधक ने विशेषकर पूर्व मध्य रेल में चल रही परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के साथ-साथ नयी योजनाओं के कार्यान्वयन में नयी तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि रेल परिचालन संरक्षा नियमों के पालन पर ही निर्भर है। संरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेल परिचालन की तकनीक अब काफी उन्नत हो गयी है, इसलिए आधुनिक संरक्षा उपकरणों का प्रयोग करके रेल परिचालन में मानवीय भूलों की गुंजाइश को समाप्त करना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन पर जोर देते हुए इसमें और सुधार लाने पर बल दिया। स्वच्छता पर महाप्रबधंक ने ध्यानाकर्षण करते हुए प्लेटफार्म, रेल परिसर, ट्रेनों एवं बेड रोल की साफ-सफाई पर विशेष रूप से जोर देते हुए इस संबंध में उच्चधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री जीण माता के मंदिर में खिचड़ी का महाभोग लगाया



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को श्री जीण माता परिवार, रांची के द्वारा पहाड़ी रोड स्थित श्री जीण माता के मंदिर में खिचड़ी का महाभोग लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सीतानंद झा ने माता की आरती की एवं सबके सुख समृद्धि की कामना की। महा भोग लगाने के पश्चात उसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, दिलीप पटवारी, मिथिलेश सिंघानिया, सुभाष अग्रवाल, संजय मारोदिया, प्रदीप सिंघानिया, विकास शिवरामका, मुकेश भारतीया, संजय मोदी, संदीप डीडवानिया, मनीष पालड़ीवाल इत्यादि मौजूद थे।

### लायंस क्लब ऑफ रांची ने कंबल वितरण किया




रांची (आजाद सिपाही)। एलआइसीएफ वीक के छठे दिन शनिवार को लायंस क्लब ऑफ रांची के द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क (क्लासिक पार्क ) और बिरसा शिक्षा निकेतन स्कूल जगन्नाथपुर में सफाई मित्रों एवं जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं एलआइसीएफ वीक के संयोजक श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि शहर में पिछले कुछ दिनों से शीतलहर चल रही है। इसी को ध्यान में रख कर जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचने के लिए गर्म कंबल का वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम को लायन अरविंद मंगल एवं लायन सुमन मंगल ने प्रायोजित किया था। कार्यक्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क में बच्चों ने गेम जोन एवं बड़ो ने भी विभिन्न तरह के गेम का आनंद लेकर खूब मस्ती भी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 25 के पूर्व पार्षद अर्जुन राम के अलावा लायन अध्यक्ष परविंदर जीत सिंह, लायन सिमलजीत कौर, लायन प्रो डॉ एच. बी. सिंह, लायन श्याम सुंदर शर्मा, लायन अजय अग्रवाल, लायन, लायन एम. एस. जरूहार, लायन अरविंद मंगल, लायन डॉ प्रदीप कुमार, लायन मनोज माहेश्वरी, लायन मंजुला जायसवाल, लायन दिलिप बंका, लायन मनीष गाड़ोदिया, लायन लेडी सुमन मंगल, लायन लेडी रश्मि अग्रवाल, लायन लेडी बिना बंका सहित लायन मेंबर्स उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दिया।

### श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में 22 को श्रीराम वानर सेना करेगी भव्य आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री राम वानर सेना की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लंकेश सिंह ने की। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में श्रीराम की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर पर रांची स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीराम वानर सेना के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड का पाठ, राम वंदना, दीपोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान अयोध्या से आये हुए अछत साधु-संतों को देकर निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर पवन झा, सतीश पांडेय, चुटुन पांडेय, अखिलेश राय, संजय सहाय, संजीव सिंह, अविनाश सिंह, सूरज पांडेय, विनोद सिंह, मिंटू सिंह, मंटू लाला सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक नासिक में आयोजित हुआ हुआ है। जिसमें देश भर से युवाओं का महासंगम हो रहा है। इस महोत्सव में हर राज्य से चयनित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। इसी के तहत नेहरू युवा केंद्र, रांची झारखंड से चयनित युवा कृति कार्यक्रम में गौरव अग्रवाल एवं अमन ने भाग लिया। जिसमें गौरव अग्रवाल ने केंद्रीय राज्य खेल मंत्री निशिथ प्रामाणिक को झारखंडी अंगवस्त्र देखर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमन, रितिक सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने नि:शुल्क कंबल, उनी टोपी, मोजा और तिलकुट-चूड़ा बांटा



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने शनिवार को पुंदाग गांव में 127 लोगों के बीच कंबल, उनी टोपी, मोजा एवं तिलकुट चूड़ा का नि:शुल्क वितरण किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, नंदकिशोर चौधरी, प्रमोद सारस्वत, पूरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह, मुन्ना कुमार एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से चेन छिनतइ, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला से चेन छिनतई हुई। शनिवार दिन के करीब सवा एक बजे एक महिला के गले से चेन झपट ली गयी। बाइक सवार दो उचक्कों ने वारदात को अंजाम दिया और बड़े ही आसानी फरार हो गये। इस दुस्साहसिक वारदात को सदर थाना क्षेत्र के कोकर में अंजाम दिया गया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। महिला का नाम गीता देवी बताया गया। उनके बेटे की एक पूजा भंडार दुकान है। महिला दुकान से अपने घर एक छोटी बच्ची के साथ जा रही थी। सड़क के दूसरी ओर गली में उनका मकान है। एक बाइक पर सवार दो लोग उस गली में घुसे। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। महिला को क्रॉस कर आगे बढ़ गये। कुछ पल के भीतर बाइक सवार वापस लौटे। महिला के सटाकर बाइक रोकी। पलक झपकते ही महिला के गले से चेन झपटी और बाइक से वहां से रफूचक्कर हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाफ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# संसार में किसी के साथ छल नहीं करें: स्वामी सरस्वती जी महाराज

**मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज ने शुरू की श्री राम कथा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का यह आयोजन किया जा रहा है। हरमू हाइकोर्ट शिव मंदिर श्री राम कथा के निमित कलश पूजन के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा महाराज श्री के सानिध्य में निकाली गयी। शोभायात्रा में राकेश भास्कर माथे पर पवित्र ग्रंथ लेकर चल रहे थे। गाजे बाजे के साथ निकाली गयी शोभायात्रा में काफी संख्या में धर्म प्रेमी और श्री राम प्रेमी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए हरमू मैदान कथा स्थल पहुंची। जहां पवित्र कलश को विराजमान किया गया। व्यास पीठ पर पवित्र ग्रंथ श्री रामायण का पूजन, वंदन, माल्यार्पण मुख्य यजमान अशोक सिंह, सपत्नी चंचल सिंह ने किया। इसके बाद महराज जी कथा की अमृत वर्षा शुरू की। महाराज जी ने श्री राम के प्रसंग पर चर्चा कर कहा भगवान श्री राम भारत की आत्मा हैं। उन्होंने भगवान के बाल रूप की वंदना की। उन्होंने कहा भगवान के नाम जपने से सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं। भव सागर से पार होना है तो राम कथा 9 दिनों तक सुनें ये भव सागर से पर कर देगी। उन्होंने कहा राम राज्य पूरे विश्व के लिए स्वर्णमय युग का संकेत है। राजनीतिक पर चर्चा करते हुए कहा कि धर्म के बिना राजनीतिक अधर्म है। इसके पूर्व मंच पर मुख्य यजमान अशोक सिंह व पत्नी चंचल सिंह व उनके परिवार के द्वारा व्यास जी की आरती की गयी। इन अवसर पर अध्यक्ष राकेश भास्कर, सांसद समीर उरांव, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी, अखिलेश पांडेय ने गुरु जी को माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य रूप से इंद्रजीत यादव, गोपाल सोनी, रामचंद्र, राजीव, पुनीत सहित कई लोगो ने अपनी सेवा दी।

**आज की कथा अपराह्न 3 बजे से :** आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि रविवार की कथा समय अपराहन 3 बजे से 7 बजे तक होगी। समय पर कथा स्थल पहुंचकर अपना उचित स्थान ग्रहण करें। रांची की सभी धार्मिक और सामाजिक संस्था व धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि महाराज श्री के मुखारविंद से श्री राम कथा की अमृत वर्षा का हरमू मैदान में आकर लाभ प्राप्त करें।

## दुख की इस घड़ी में पार्टी सहिस के साथ खड़ी है : सुदेश महतो

**आजसू नेता रामचंद्र सहिस की माता के निधन पर जताया शोक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सचिव रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 साल की थीं। उनका अंतिम संस्कार जमशेदपुर में मानगो के पास स्वर्णरिखा घाट पर किया गया। शव यात्रा में पार्टी के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इससे पहले कई नेताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया। श्री सहिस की माता के निधन पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गहरी संवेदना प्रकट की है। पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, रोशन लाल चौधरी समेत अन्य कई नेताओं ने भी दुख प्रकट किया है। इसकी जानकारी आजसू पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

## श्री श्याम मंदिर में 95वें श्री श्याम भंडारे का आयोजन

**आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** इस भोग के अतिप्रिय भजन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। 95वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का अवसर था। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान हैदराबाद के एक श्री श्याम भक्त परिवार एवं नवनीत मोदी, सुधा मोदी परिवार सहित संयुक्त रूप से श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार, हनुमान जी और गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। पूरे परिवार ने खाटूनरेश को भोग स्वीकार करने की मनुहार की। 95 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते ही मंदिर परिसर भक्तों से भर गया था। खाटूनरेश की जय जयकारो से संपूर्ण क्षेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच हैदराबाद के एक श्याम भक्त परिवार और नवनीत मोदी, सुधा मोदी और परिवार और मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। हजारो लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, नवनीत मोदी, सुधा मोदी, प्रदीप राजगढ़िया, पूर्व सांसद अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, मनोज बजाज, स्नेहा पोद्दार, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, श्याम सुंदर जोशी, पवन केडिया, आशीष मोदी, कौशल चौधरी, कमलेश सावा, अंकित सिंह, मनोज खेतावत, अभिषेक सरावगी, मनीष, झूलन, उपेंद्र, सुकरा, संजय, अमित, अभिषेक, तरुण, नकुल, पवन शर्मा, अरविंद सोमानी सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और भाजपा अध्यक्ष को दिया राम मंदिर का न्योता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भारत के रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह और भारत के गृह मंत्री और जिनका राम मंदिर की वर्तमान स्थिति लाने में महत्वपूर्ण योगदान है, अमित शाह को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण सौंपा। जगत प्रकाश नड्डा ने निमंत्रण स्वीकार किया और कहा कि वह आयेंगे।

अमित शाह और राजनाथ सिंह ने मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया तथा कहा कि वे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से चर्चा करके आने और दर्शन करने की तिथि शीघ्र तय करेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार और मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

## डीपीएस में प्रोजेक्ट मॉडल एक्सपो का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के परिसर में शनिवार को प्रोजेक्ट मॉडल एक्सपो इनोवेट, एलिवेट एंड डोमिनेट का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवीन कौशल को उजागर करना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित शानदार प्रदर्शनों की श्रृंखला प्रदर्शित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ राम सिंह ने किया। इसी के साथ ही विद्यार्थियों के अभिभावक भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बने एवं प्रदर्शनी की शोभा बढ़ायी। इस कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मैथमेटिकल साइंस, लाइफ साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस, सोशल साइंस, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, आर्ट एंड क्राफ्ट और स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन जैसे विषयों पर लगभग 950 परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गयी। डीपीएस रांची के छात्रों ने व्यावहारिक मॉडल और सूचनात्मक प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए मानसिक कल्याण के महत्व की गहरी समझ का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने हर्षित होकर कहा कि डीपीएस रांची हमेशा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास में विश्वास करता है, इसलिए प्रत्येक छात्र को उद्देश्यपूर्ण परिवेश प्रदान किया जाता है, जिसमें वे आसानी से कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं।

# गेम्स के सफल आयोजन ने समुद्र किनारे रोमांचक खेल आयोजनों की नींव रखी है: अनुराग ठाकुर

**दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्यप्रदेश चैंपियन बना**

**लक्षद्वीप ने शक्तिशाली महाराष्ट्र को हराकर बीच सॉकर गोल्ड जीता**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**नयी दिल्ली।** भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स 'द बीच गेम्स 2024' का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्यप्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्यप्रदेश ने सात स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्यप्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने तीन स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किये। असम ने आठ पदक जीते, जिनमें से पांच स्वर्ण थे।

बेहद दिलचस्प घटनाक्रम में लक्षद्वीप ने बीच सॉकर में स्वर्ण पदक हासिल किया, जो इस प्राचीन द्वीप क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उसने कड़े मुकाबले वाले फाइनल में महाराष्ट्र को 5-4 से हराया। लक्षद्वीप की जीत ने न केवल पदक विजेताओं की विविधता को बढ़ाया, बल्कि दीव बीच गेम्स-2024 के समावेशी और राष्ट्रव्यापी असर को भी दिखलाया। चार से11 जनवरी तक खेलों की ये उत्कृष्टता अपने चरम पर रही। इस दौरान 205 मैच अधिकारियों के सहयोग से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 21 वर्ष से कम उम्र के 1404 एथलीटों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया। इन खेलों को रोजाना दो सत्रों में बांटा गया था। सुबह का सत्र सुबह आठ बजे से शुरू होकर दोपहर को समाप्त होता था। इसके बाद दोपहर का सत्र तीन बजे शुरू होता था। इस शेड्यूलिंग ने न केवल उपयुक्त मौसम में एथलीटों के प्रदर्शन को अनुकूलित किया, बल्कि उत्साही दर्शकों को भी एक अनूठा और आकर्षक विजुअल अनुभव मिला। इस दौरान रस्साकशी में रणनीतिक दमखम के प्रदर्शन, समुद्री तैराकी के लुभावने करतबों, पेंचक सिलाट की मार्शल आर्ट्स वाली कलात्मकता, मल्लखंब की कलाबाजियों, बीच वॉलीबॉल की तेज गति वाली उछल-कूद, बीच कबड्डी के रणनीतिक द्वंद्व और बीच सॉकर के बिजली सी फुर्ती वाले किक और गोल ने इस आयोजन को एक अनूठी ऊर्जा से भर दिया। बीच बॉक्सिंग के आगाज ने इस आयोजन में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। इसने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देश की एथलेटिक यात्रा में ये एक विशेष क्षण बन गया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस आयोजन के लिए अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, एथलीटों की ऊर्जा और दीव की सुंदरता ने एक ऐसा माहौल बुना है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। ये मंत्रमुग्ध करने वाला और उत्साह बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत के समुद्र तटों को एक नया जीवन प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन ने गुजरात के तट से कुछ दूर दीव में पहली बार हुए बीच गेम्स के साथ एक नया मोड़ ले लिया है। भारत के पास भौगोलिक दृष्टि से दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत समुद्र तट हैं। भारत के 12 समुद्र तटों को स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने वाले दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों वाला ब्लू फ्लैग प्रमाणन दिया गया है। हालांकि देश के कई समुद्र तटों की उतनी यात्रा नहीं की गयी है, जितनी की जानी चाहिए। इसलिए दीव बीच गेम्स की सफल मेजबानी एक सुखद खबर है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कॉमन एट्रियम से ग्रसित मरीज की हार्ट के लेफ्ट और राइट एट्रियम के बीच पार्टिशन की पारस में हुई सर्जरी



रांची (आजाद सिपाही)। पारस एचइसी अस्पताल में गिरिडीह से आए एक मरीज की जांच करने पर चिकित्सक ने पाया कि उसके हार्ट के लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में कोई पार्टिशन (अलग करने वाला पर्दा) नहीं था। लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में पार्टिशन नहीं होने के कारण साफ और गंदा खून एक ही जगह मिक्स हो रहा था। डॉ कुणाल हजारी ने बताया कि इस बीमारी को कॉमन एट्रियम कहते हैं। इसकी सर्जरी पारस अस्पताल में हुई। उन्होंने बताया कि मरीज के मेडिकल हिस्ट्री में पाया गया कि मरीज को यह बीमारी जन्मजात है। बचपन से ही उसे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या थी। डॉ कुणाल ने बताया कि सर्जरी के तीन घंटे बाद वेंटीलेटर से मरीज को हटा दिया गया। मरीज को चेक करने पर पाया गया कि मरीज अब सामान्य महसूस कर रहा है। पांच दिनों तक अस्पताल में इलाज के बाद मरीज को घर भेज दिया गया। मरीज तीन महीने के बाद पूरी तरह से ठीक होगा और सामान्य जीवन जी सकेगा।

### मिशन ब्लू फाउंडेशन ने कार्यक्रम किया आयोजित




रांची (आजाद सिपाही)। मिशन ब्लू फाउंडेशन की ओर से लोकसभा की तर्ज पर दो दिवसीय शून्यकाल 2.0 द जीरो ऑवर का आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में बाल श्रम (उन्मूलन) विधेयक 2024 को पेश किया गया। इसे बहुमत से लोकसभा में पास किया गया। बिल को पेश करने के बाद पर इस पर पक्ष और विपक्ष ने खुल कर चर्चा की और इस दौरान बिल पर तीखी बहस भी हुई। पक्ष और विपक्ष की भूमिका विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लेते हुए अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद समीर उरांव ने किया। वहीं मौके पर उन्होंने छात्रों को संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि यह मंच उनके लिए सार्थक साबित होगा, जो राजनीति में आना चाहते हैं। यह एक अच्छा प्रयास है। अनुशासन में रहकर लोकसभा, राज्यसभा या विधानसभा चलनी चाहिए। सांसद समीर उरांव ने लोकसभा के स्पीकर के रूप में कार्रवाई का संचालन किया। इसके पहले राष्ट्रपति के रूप में बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह ने संबोधित किया।मौके पर मिशन ब्लू फांउडेशन के पंकज सोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मंजीत सिंह, मेरी स्टेला माइकल, प्राची नारायण, मनीष पाठक, देवकी पवार समेत अन्य लोग मौजूद थे। मंच का संचालन मारिया एंथोनी ने किया। कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा।

### चैंबर के स्पोर्ट्स उपसमिति की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के स्पोर्ट्स उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न हुई। यह निर्णय लिया गया कि उप समिति के द्वारा फरवरी माह में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली जायेगी। उक्त जानकारी उप समिति चेयरमैन विकास झाझरिया ने देते हुए कहा कि जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों के साथ ही चैंबर सदस्यों और खिलाडियों को भी शामिल किया जायेगा। जागरूकता रैली के आयोजन के लिए अन्य तैयारियों को पूरा करने लिए सदस्यों की जिम्मेवारी भी तय की गयी। यह कहा गया कि पुनः एक बैठक का आयोजन करके, इसकी तिथि निर्धारित की जायेगी। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति चेयरमेन विकास झाझरिया, सदस्य विनायक शर्मा, मयूर बुधिया, विशाल शर्मा, निलेष चौधरी, रोसी खंडेलवाल, श्वेता भाला, मोनिका गोयनका, सोनल अग्रवाल उपस्थित थीं।

### जबरन वसूली के खिलाफ ऑटो चालक महासंघ ने पुलिस में की शिकायत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालकों से जबरन वसूली करने को लेकर पंडरा ओपी में शनिवार को लिखित शिकायत की। साथ ही तत्काल जबरन वसूली को बंद कराने का आग्रह किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि महासंघ के कार्यकारी सदस्य भोला सिंह और लगभग 15 ऑटो चालकों ने आइटीआइ बस स्टैंड के बाहर सड़क पर टोकन काटने वाला स्टाफ के जरिये ऑटो चालक मालिकों से गाली-गलौज एवं जबरन पैसा लेने के संबंध में पंडरा ओपी में एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि जबरन वसूली को तत्काल बंद कराया जाये। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूर होकर कानूनी कार्रवाई और उग्र आंदोलन होगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की होगी।

### विधायक प्रतिनिधि की हत्या में निशि पांडेय की भूमिका संदिग्ध, सीआइडी ने की कार्रवाई की सिफारिश

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या में निशि पांडेय की भूमिका संदिग्ध है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने हत्या की आपराधिक साजिश रचने के मामले में निशि पांडेय पर कार्रवाई की सिफारिश की है। बता दें कि निशि पांडेय गिरोह के किशोर पांडेय (मृतक) की पत्नी हैं। फिलहाल निशि पांडेय राजनीतिक दल भारतीय जनतंत्र मोर्चा से जुड़ी हैं। बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या 25 फरवरी 2023 को तीन अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने कर दी थी। सीआइडी एसपी ने अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि निशि पांडेय और जेल में बंद विकास तिवारी द्वारा संचालित पांडेय गिरोह ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बितका बाउरी की हत्या की थी। रामगढ़ जिले में पतरातू के खदान क्षेत्रों में निशि पांडेय और विकास तिवारी द्वारा कोयले के पूरे कारोबार को नियंत्रित किया जाता है, जिसका विरोध स्थानीय विधायक और कार्यकर्ता करते हैं, मृतक बितका बाउरी स्थानीय विधायक के प्रतिनिधि थे और सौंदा बस्ती संघर्ष फाउंडेशन नाम की संस्था बनाकर कोयले के अवैध व्यवसाय का विरोध किया करते थे। टेलीग्राम एप के जरिये विकास तिवारी और निशि पांडेय गिरोह का कर रहे संचालन सीआइडी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में भी टेलीग्राम एप के जरिये विकास तिवारी और निशि पांडेय गिरोह का संचालन कर रहे हैं।

# अड़ियल रुख छोड़े चीन

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को भारत-चीन सीमा के ताजा हालात पर जो कहा, वह दोनों देशों के बीच चल रहे गतिरोध पर भारत के कड़े रुख को दर्शाता है। सेना प्रमुख ने साफ-साफ कहा कि सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती तब तक रहेगी, जब तक वहां हालात नहीं बदलते। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का पहला उद्देश्य सीमा पर 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना है। जब यह हो जायेगा, तभी अन्य बातों पर विचार किया जायेगा। दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक इंटरव्यू में भी भारत-चीन संबंधों में आए गतिरोध पर ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने साफ किया था कि जब तक स्टेटस को आंटे (यानी यथास्थिति से पहले की स्थिति) बहाल नहीं की जाती, तब तक संबंधों में बेहतरी की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। इस मामले में शुरू से भारत अपने इस रुख पर कायम है। अगर दोनों देशों के रिश्तों को देखा जाये, तो सीमा को लेकर मतभेद तो हमेशा रहे। मगर इसके बावजूद विश्वास का माहौल बन गया था, जिसके आधार पर न केवल सीमा पर लंबे समय से शांति बनी हुई थी, बल्कि द्विपक्षीय सहयोग और व्यापार भी फल-फूल रहा था। अप्रैल-मई 2020 में चीन की एकतरफा कार्रवाई से वह स्थिति बदली और दोनों देशों के बीच टकराव का नया दौर शुरू हुआ। ऐसे में जब तक सीमा पर उस कार्रवाई से पहले वाली स्थिति बहाल नहीं की जाती, तब तक यह कहने का क्या अर्थ है कि बीती बातों को भूल कर नये सिरे से सहयोग शुरू किया जाये? यही मूल बिंदु है, जहां बात आगे नहीं बढ़ रही। सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के दौर पर दौर हुए, कुछ बातों पर सहमति भी बनी, लेकिन 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना तो दूर, चीन बचे हुए दो प्रमुख स्थानों देपसांग और देमचोक पर सैन्य उपस्थिति कम करने को भी राजी नहीं हो रहा। यही वजह है कि भारत ने भी खुद को इस बात के लिए तैयार कर लिया है कि सीमा पर बना यह गतिरोध लंबे समय तक चल सकता है। एलएसी पर 50 हजार से ज्यादा सैनिकों के लिए रहने की जगह तो पहले ही बन चुकी थी, वहां इसी हिसाब से इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने और कनेक्टिविटी डिवेलप करने की भी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एलएसी पर इतनी बड़ी संख्या में फौज की मौजूदगी लगातार बनाये रखना दोनों देशों के लिए न केवल कठिन है, बल्कि संसाधनों की बर्बादी भी है। इसलिए यह दोनों के हक में है कि मध्य 2020 से पहले की स्थिति बहाल कर संबंधों में भी पुराना विश्वास कायम करने की कोशिश की जाये। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझ ले उतना अच्छा।

**सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के दौर पर दौर हुए, कुछ बातों पर सहमति भी बनी, लेकिन 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना तो दूर, चीन बचे हुए दो प्रमुख स्थानों देपसांग और देमचोक पर सैन्य उपस्थिति कम करने को भी राजी नहीं हो रहा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत, इंडोनेशिया और मैक्सिको जैसे देशों में उत्साही मतदाता हैं, लेकिन उनके लोकतांत्रिक मूल्यों और समर्थक संस्थानों पर अक्सर दबाव देखा जाता है। चौथे समूह में पुराने लोकतंत्रों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मतपेटिका में लोकलुभावन आंदोलनों के बढ़ने से मध्यमार्गी प्रतिष्ठानों को खतरा है। आइये हम दक्षिण एशिया में चल रही घटनाओं का विश्लेषण करें, जहां राजनीतिक परिदृश्य एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जो क्षेत्र के कई देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थानों के क्षरण की विशेषता है।**

# दक्षिण एशिया में लोकतंत्र के पतन की चिंताजनक स्थिति

**हरि जयसिंह**



© Reuter

2024 में 70 से अधिक देशों में चुनाव होंगे, जिनमें लगभग 2 अरब मतदाता शामिल होंगे। जनवरी 2024 के अंत तक 8 देशों में चुनाव हो चुके होंगे। यह एक ऐसा वर्ष है, जो वैश्विक लोकतंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण में से एक है। फाइनांशियल टाइम्स के विदेशी संपादक एलेक रसेल ने चुनावी प्रणालियों को चार समूहों में वर्गीकृत किया है। पहले में बेलारूस, रूस और रवांडा जैसे देश शामिल हैं, जहां नेता चुनावों को नियंत्रित करते हैं, जिससे वास्तविक प्रतिस्पर्धा के बिना भारी जीत होती है।

दूसरे समूह में ईरान, ट्यूनीशिया और बंगलादेश जैसे प्रदर्शनकारी लोकतंत्र शामिल हैं, जहां विपक्ष को भाग लेने की अनुमति तो दी जा सकती है, लेकिन जीतने की नहीं। तीसरा समूह, जिसमें सबसे अधिक मतदाता हैं, लोकतंत्र को सूक्ष्म चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जैसा कि हंगरी में देखा गया है, नेता निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से सत्ता जीतते हैं, लेकिन अलोकतांत्रिक नीतियों को लागू करते हैं। भारत, इंडोनेशिया और मैक्सिको जैसे देशों में उत्साही मतदाता हैं, लेकिन उनके लोकतांत्रिक मूल्यों और समर्थक संस्थानों पर अक्सर दबाव देखा जाता है। चौथे समूह में पुराने लोकतंत्रों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मतपेटिका में लोकलुभावन आंदोलनों के बढ़ने से मध्यमार्गी प्रतिष्ठानों को खतरा है। आइये हम दक्षिण एशिया में चल रही घटनाओं का विश्लेषण करें, जहां राजनीतिक परिदृश्य एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जो क्षेत्र के कई देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थानों के क्षरण की विशेषता है। बंगलादेश, पाकिस्तान और भारत में हाल की घटनाएं, कुछ हद तक, लोकतांत्रिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाली चुनौतियों को उजागर करती हैं। शासन की स्थिति और दुनिया के इस हिस्से में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की दुर्दशा पर सवाल उठाती हैं।

**बंगलादेश में हाल ही में 7 जनवरी को हुए चुनाव, दिखावे के बावजूद, कई पर्यवेक्षकों की नजर में एक पूर्व निर्धारित परिणाम थे।**

**बंगलादेश का डैमोक्रेटिक बैकस्लाइड :** बंगलादेश, जिसे कभी लोकतंत्र के लिए आशा की किरण के रूप में घोषित किया गया था, प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के तहत सत्तावाद में एक चिंताजनक गिरावट देखी गयी है। शेख हसीना का व्यक्तिगत इतिहास उथल-पुथल भरा रहा है, जिसकी शुरुआत 1975 में उनके पिता, बंगलादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रमान सहित उनके परिवार के सदस्यों की दुखद हत्या से हुई थी। हसीना, म्यांमार में आंग सान सू की की तरह, एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरीं।

तानाशाही 1996 से, बंगलादेशी राजनीति हसीना और बंगलादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख खालिदा जिया के बीच युद्ध का मैदान रही है। हालांकि, हसीना 2008 से सत्ता में बनी हुई हैं। हाल ही में, देश का राजनीतिक माहौल चुनावी धांधली, विपक्ष के दमन और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों के क्षरण के आरोपों से खराब हो गया है। हसीना के कथित अधिनायकवाद में 2014 और 2018 के चुनावों में धांधली शामिल है, जिससे अनियमितताओं और निष्पक्षता की कमी के लिए व्यापक निंदा हुई। अपने निरंकुश तरीकों के बावजूद, हसीना ने बंगलादेश में उल्लेखनीय आर्थिक विकास की अध्यक्षता की, देश की स्थिति को ऊपर उठाया और सामाजिक संकेतकों में सुधार किया। इसने उनकी तानाशाही प्रवृत्ति के बावजूद उनकी लोकप्रियता में योगदान दिया। बंगलादेश में हाल ही में 7 जनवरी को हुए चुनाव, दिखावे के बावजूद, कई पर्यवेक्षकों की नजर में एक पूर्व निर्धारित परिणाम थे। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कार्यालय में अपना 5वां कार्यकाल हासिल किया, हालांकि मुख्य विपक्ष के बहिष्कार के कारण परिणाम काफी हद तक अपेक्षित था। कई लोगों को इस बात से आश्चर्य हुआ कि निर्दलीय उम्मीदवारों ने दूसरी सबसे अधिक सीटें हासिल कीं। हालांकि, ये स्वतंत्र विजेता मुख्य रूप से हसीना की पार्टी द्वारा अस्वीकार किये गये व्यक्ति थे, जिनसे चुनाव को प्रतिस्पर्धात्मकता देने के लिए डमी उम्मीदवार के रूप में लड़ने का आग्रह किया गया था।

वर्तमान विपक्ष, जातीय पार्टी, 300 संसदीय सीटों में से केवल 11 सीटें ही सुरक्षित कर पायी, जिससे संसदीय विपक्ष बनाने में एक महत्वपूर्ण चुनौती सामने आ गयी। चुनाव और उसके परिणाम को विचित्र करार दिया गया है, जो सच्ची प्रतिस्पर्धा और प्रतिनिधि संसद की कमी को उजागर करता है। कुल मिलाकर, चुनाव में प्रामाणिकता का अभाव था, जिसकी विशेषता शेख हसीना की पार्टी का प्रभुत्व, एक विश्वसनीय विपक्ष की अनुपस्थिति और रिपोर्ट किये गये मतदान के बारे में संदेह था।

**पाकिस्तान की लोकतांत्रिक गिरावट :** पाकिस्तान की ओर रुख करें तो, देश अपने ही लोकतांत्रिक संकट से जूझ रहा है, जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने हाल ही में द इकोनॉमिस्ट को बताया था। इमरान खान ने अपनी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के साथ छेड़छाड़, दमन और प्रणालीगत बाधाओं पर प्रकाश डाला, जिसमें बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप और पीटीआइ के राजनीतिक प्रभाव को कम करने के प्रयासों का आरोप लगाया गया। वह निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पीटीआइ द्वारा सामना किये गये संघर्षों पर जोर देते हैं।

खान का दावा है कि देश संघीय और प्रांतीय दोनों तरह से कार्यवाहक सरकारों के अधीन है। उनका तर्क है कि यह प्रशासन असंवैधानिक है, क्योंकि संसदीय विधानसभाओं को भंग करने के बाद 90 दिनों की अनिवार्य अवधि के भीतर चुनाव नहीं हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद, 2 प्रांतों, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में मतदान कराने में पिछली विफलताओं के कारण 8 फरवरी को आगामी राष्ट्रीय चुनावों के बारे में संदेह है।

**क्षेत्रीय परिदृश्य :** बंगलादेश और पाकिस्तान के यह विवरण पूरे दक्षिण एशिया में व्यापक रुझानों का संकेत दे सकते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रतिगमन के चिंताजनक पैटर्न को दर्शाते हैं। बंगलादेश में, आर्थिक सफलता सत्तावादी शासन के साथ-साथ मौजूद है, जो एक विरोधाभास प्रस्तुत करती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक समान प्रवृत्ति सांझा करता है, जो विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच कथित व्यापार-बंद को चुनौती देता है। मोदी ने कहा, हमारा लोकतंत्र अधिक गहरी जड़ों वाला और स्थिर है।

दक्षिण एशिया में लोकतांत्रिक पतन की चिंताजनक स्थिति वैश्विक स्तर पर तत्काल ध्यान देने की मांग करती है। इसमें क्षेत्रीय गतिशीलता के मूल्यांकन की आवश्यकता है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि आर्थिक विकास और रणनीतिक सांझेदारी को लोकतांत्रिक अखंडता से समझौता नहीं करना चाहिए। बंगलादेश और पाकिस्तान में लोकतांत्रिक मानदंडों का क्षरण क्षेत्र में लोकतांत्रिक संस्थानों की नाजुकता की याद दिलाता है, और अधिक स्थिर और न्यायसंगत भविष्य के लिए इन सिद्धांतों को बनाए रखने और सुरक्षित रखने की अनिवार्यता पर जोर देता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# डीसी ने लंबित वादों को लेकर की समीक्षा बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के डीसी ऑफिस में आहूत बैठक में जमशेदपुर के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता, अपर लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक, प्रभारी अधिकारी विधी शाखा, सहायक लोक अभियोजक समेत अन्य सम्बन्धित के साथ लंबित वादों को लेकर समीक्षा की। बैठक में केस रिपोर्ट (क्रिमिनल और सिविल मामले), पोक्सो एक्ट, सरकारी भूमि की सुरक्षा, महिला उत्पीड़न, एससी एसटी, साइबर अपराध व जघन्य अपराध से जुड़े लंबित वादों पर विमर्श किया गया।

लंबित मामलों का निपटारा ससमय किया जाये, इसके लिए उपायुक्त ने सभी लंबित वादों की ऑनलाइन इंट्री करते हुए कार्य योजना तैयार करने करने की बात कही। सभी मामलों के रिकॉर्ड्स को योजनाबद्ध तरीके से रिकॉर्ड कीपिंग किये जाने पर बल दिया गया। साथ ही महिला उत्पीड़न, पोक्सो, एससी एसटी से जुड़े कम से कम 50 मामलों की प्राथमिकता सूची बनाने की बात कही जिनके गहन अनुश्रवण की आवश्यकता है।

## पीएम जनमन योजना प्रचार रथ को डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने किया रवाना

# विशेष आदिम जनजाति समूहों को विकास योजनाओं से जोड़ने को लेकर जिला प्रशासन कृत संकल्पित : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में पीएम जनमन योजना के तहत प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने डीसी कार्यालय से प्रसार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मौके पर उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, निदेशक एनइपी ज्योत्सना सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो मौजूद रहे। इस अवसर पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा सरकार के दिशा निर्देशानुसार विशेष आदिम जनजाति समूहों को विकास योजनाओं से जोड़ने को लेकर जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। पीएम जनमन योजना के तहत स्वास्थ्य,शिक्षा, आजीविका में अंतर समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों के परिवारों व बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं व सेवाओं से युक्त किया जाना है। डीसी ने कहा आदिम जनजाति समूहों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक उत्थान हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। महाअभियान के तहत पीवीटीजी बसाहटो का सर्वे कर आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका की शत प्रतिशत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड का लाभ व स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं को लाभ, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रचार रथ संचलाकों को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। ताकि हितग्राही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर ग्रामीण लाभन्वित हो सके। उन्होने बताया यह प्रचार रथ जिले के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों में निवासरत सभी पीवीटीजी बसाहटों में जाकर जनजाति लोगों के बीच पीएम जनमन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर उन्हें जागरूक करने का कार्य करेगी।

# आज भाजपा महानगर कार्यालय में सुंदरकांड पाठ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व श्री राम लला के आगमन को लेकर देश में जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं। वहीं जमशेदपुर में प्रभु श्रीरामजी के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भाजपा महानगर के द्वारा लौहनगरी जमशेदपुर को राममय बनाने के लिए मकर संक्रांति के दिन साकची जिला भाजपा कार्यालय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा। सुंदरकांड के समापन के पश्चात कार्यकर्ताओं एवं आमजनों के बीच प्रसाद का श्रद्धापूर्वक वितरण होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 जनवरी को राम ज्योति के लिए रामभक्तों को मकर सक्रांति के दिन 14 जनवरी से 20 जनवरी तक लगातार 7 दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिदिन जिला भाजपा कार्यालय में 11 मिट्टी के दिये, 11 बत्ती व एक राम ध्वज भेंटकर लोगों से घरों व प्रतिष्ठानों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह करेंगे। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया जिला भाजपा कार्यालय में आयोजन को लेकर व्यापक साज-सज्जा की गयी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं सह रामभक्तों से आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया।

# 150 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए घाटशिला विधायक रामदास सोरेन के निर्देशानुसार शनिवार को उल्दा पंचायत के देवली गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह मुसाबनी जिला पार्षद प्रतिनिधि बाघराय मार्डी व घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम के हाथों से 150 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर झामुमो नेता सह वार्ड सदस्य सुनील हांसदा, सदानंद सोरेन, मृगेन हेंब्रम, कालीराम हांसदा, भूषण हांसदा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रसराज टुडू, शंकर हेंब्रम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा पहुंचे खरसावां

# प्रसिद्ध मां अकर्षिणी मंदिर में लगाया झाड़ू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा शनिवार को खारसावां स्थित अकर्षिणी मंदिर पहुंचे, जहां पार्टी नेताओं के साथ मंदिर के पुजारी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मंदिर की सीढ़ियों और आसपास खुद से झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। उनके साथ भाजपा नेताओं ने भी साफ- सफाई की। केंद्रीय मंत्री ने दार्शनिक अंदाज में कहा कि करोड़ों भारतीयों की आस्था प्रभु श्रीराम से जुड़ी है। आज उनका सपना साकार होने जा रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्रभु का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होगा। देश भर में उत्सव का माहौल है। उसी तरह जिसकी आस्था जिसपर हो उस देवी- देवताओं की पूजा करनी चाहिए।

प्रसिद्ध अकर्षिणी पीठ क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। इसलिए हम यहां आए हैं और साफ- सफाई कर स्वच्छता का संदेश देने के साथ मां अकर्षिणी से क्षेत्र के समृध्दि की कामना की है। वहीं विपक्षियों के विरोध के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने दार्शनिक अंदाज में कहा कि जिसकी आस्था जिससे जुड़ी है, उनकी आराधना जरूर करनी चाहिए. कुछ लोग व्याकुलता में भूल जाते हैं कि वे क्या कर रहे हैं। उनके लिए उन्होंने ईश्वरीय शक्ति की कामना की। इस मौके पर बीजेपी सिंहभूम प्रभारी उदय सिंहदेव, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, जिलाध्यक्ष विजय महतो सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिष्टुपुर बादानी बिल्डिंग से गिर कर युवक की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के बिष्टुपुर स्थित बादानी बिल्डिंग से एक मजदूर काम करने के दौरान गिरने से मौत हो गया। बताया जा रहा शनिवार को युवक बादानी बिल्डिंग के एआरल सपा मशाज सेंटर में बाहर से एसी लगा रहा था। अचानक एंगल टूट जाने से उसमें खड़ा मजदूर जमीन पर गिर गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। बाद में लोगों ने उसे लेकर टीएमएच पहुची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर मजदूर मो अफताब की मौत के बाद परिजनों का हाल बेहाल है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 14 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## बंका में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से न छूटे : संयुक्त सचिव

**गरीबों, महिलाओं और किसानों पर फोकस'**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती गांव बंका हाई स्कूल के मैदान में शनिवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव जितेंद्र श्रीवास्तव शामिल हुए। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता की कमी या जानकारी नहीं मिलने से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। उन्होंने गांव के लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि राष्ट्र तभी विकसित बनेगा जब देश से लेकर पंचायत स्तर तक के लोग समृद्ध तथा सशक्त होंगे, इसके लिए भारत सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में जात-पात धर्म समुदाय से ऊपर उठकर 17 प्रकार की ऐसी योजनाएं चलायी जा रही है, जो आप सभी की जिंदगी में अमूलचूल परिवर्तन कर सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना की चर्चा करते हुए कहा कि योजना का लाभ गंभीर बीमारी के इलाज के दौरान मिलती है, जो एक प्रकार से जिंदगी का पासपोर्ट है। इस दौरान उन्होंने विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित कई योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने उपस्थित लोगों को कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही सहायक और विकास योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में शामिल है। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा की सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना तथा हर जरूरतमंद लोगों की आंसू पोछना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 5 साल बाद भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बने तथा 2047 तक विश्व का सर्वाधिक विकसित राष्ट्र हो। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कंबल वितरण, छात्रवृति वितरण, क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार, गोल्डन कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं की गोद भरायी, अन्नप्राशन सहित कई कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम में सीडीपीओ अवध कुमार यादव, चिरंजीव मंडल, समाहर्ता, चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र राम, प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी रंभा चौबे, बीपीओ पूनम बीपीओ फिरोज अंसारी, अभियंता धर्मेंद्र कुमार मिश्रा अजय सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा ने आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा को जिले के 211 माध्यमिक शिक्षकों की सेवासंपुष्टि करने, बारह वर्षों से नियुक्त 28 माध्यमिक शिक्षकों को वरीय वेतनमान प्रदत्त करने और लिपिकों/आदेशपालो को वेतन प्रोन्नति देने से संबंधित पत्र जारी करने पर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उक्त संबंध में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि जिले में वर्ष 2010, 2015 और 2019 में नियुक्त 211 माध्यमिक शिक्षकों की सेवा विभागीय नियमानुसार दो वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात उनकी सेवा को संपुष्टि करने, 2010 में नियुक्त 28 माध्यमिक शिक्षकों को सेवावधि दस से बारह वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद विभागीय नियमानुसार वेतन प्रोन्नति प्रदत्त करने और 18 लिपिकों/ आदेशपालों को वेतन प्रोन्नति देने की मांग उपायुक्त महोदय गढ़वा और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा से कई बार की गयी थी। लगभग ढाई वर्ष बीत जाने के बाद वर्त्तमान डीईओ गढ़वा आकाश कुमार के द्वारा उक्त दोनों मुद्दों पर सकरात्मक पहल की गयी और पत्र जारी किया गया। सेवा संपुष्टि और वेतन प्रोन्नति हो जाने पर जिले के माध्यमिक शिक्षकों में हर्षोउल्लास का माहौल व्याप्त है। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने उपायुक्त महोदय गढ़वा और जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा से एकबार पुनः करबद्ध आग्रह किया है कि इसी प्रकार लगभग पांच वर्षों से लंबित 119 माध्यमिक शिक्षकों का विगत तीन महीनों (09मार्च से जून 2019 तक) के बकाये वेतन का भुगतान अविलंब कर दें और जिले के 236 अतिथि शिक्षकों का लगभग सात वर्षों से मात्र 60 दिनों का लंबित मानदेय भी अतिशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित करें, ताकि इनसे प्रभावित शिक्षकों में भी हर्षोल्लास का माहौल व्याप्त हो जाये।

# मंदिर की सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का सीओ को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** मां चतुभुर्जी विकास समिति के अध्यक्ष सह ग्राम पंचायत केतार के मुखिया प्रमोद कुमार ने अंचला धिकारी सुनील कुमार को आवेदन देकर मंदिर जाने वाले पीसीसी पथ पर नाली का पानी रोकने का आग्रह किया है। आवेदन में जिक्र किया गया है कि केतार बाजार से मंदिर तक जाने वाले पीसीसी पथ पर कुछ दबंग लोगों के द्वारा रोड पर मिट्टी डालकर बांध दिया। जिससे हमेशा नाली का बदबूदार पानी जमा रहता है। जिससे मंदिर आने जाने वाले दर्शनार्थी लोगों को प्रतिदिन काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कुछ दर्शनार्थी गिर भी जा रहे है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंदिर विकास समिति के द्वारा भी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त सड़क अतिक्रमण मुक्त कराकर पथ पर से मिट्टी हटाने की आग्रह किया है। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी त्रिपुरारी सिंह, हेमंत पाठक उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के महुली खुर्द निवासी सहायक अध्यापक सुधीर पांडे उम्र 45 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी मौत पर सभी शिक्षकों ने आरोपी को अविलंब गिरफ्तारी की मांग किये है। शिक्षक का शव शनिवार सुबह घर आते ही एक झलक पाने के लिए शिक्षकों तथा सुभचिंतको का काफी भीड़ लग गयी।

जानकारी के अनुसार सुधीर पांडेय प्रत्येक दिन की तरह बीते शुक्रवार की शाम को भी विशुनपुरा-नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर टहलने के लिए कमता गांव स्थित पेट्रोल पंप की तरफ निकले थे। घर वापसी के दौरान पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया। टक्कर मार कर चालक अपने मोटर साइकल घटना स्थल पर छोड़ वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर विशुनपुरा पुलिस ने मोटर साइकिल को जब्त कर थाने ले गयी।

वहीं दुर्घटना में घायल सुधीर पांडेय की गंभीर स्थिति को देख परिजनों द्वारा ईलाज के लिए गढ़वा ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने स्थिति को बिगड़ते देख बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में रास्ते में हीं उनकी मौत हो गयी। मृतक की माथे में गंभीर चोट आयी थी।

पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। वहीं घटना को लेकर प्रखंड के सभी शिक्षको ने संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव के नेतृत्व में विशुनपुरा थाना पहुच कर थाना प्रभारी से बाईक दुर्घटना में शामिल आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। मौके पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, मुखिया ददन सिंह, नवल किशोर गुप्ता, बीडीसी भारदूल चंद्रवंशी, सुनील यादव, प्रमोद सिंह, उज्ज्वल नारायण सिंह, अजित पांडे पांडेय, प्रवीण पांडेय, सुबोध द्विवेदी, मेराज अंसारी, अशोक मेहता, प्रताप यादव, चंदन मेहता, संजय सहित प्रखंड के सभी सहायक शिक्षक मौजूद थे।

## मेराल में रक्त जांच शिविर का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेराल इकाई के द्वारा से स्वामी विवेकानंद जी जयंती के अवसर पर जमा दो विद्यालय मेराल के प्रांगण मे रक्तगट जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अभाविप झारखंड के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी जिला संयोजक गढ़वा विकास चंद्रवंशी उपस्थित थे। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने बताया कि अभाविप स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श पुरुष मानकर उनके बताये गये सिद्धांत पर चलकर पूरे विश्व में एक आंदोलन स्वरूप पहचान बनायी है, इसका श्रेय सभी विद्यार्थी को जाता है स्वामी विवेकानंद जी ने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलायी है। कार्यक्रम में 200 छात्र-छात्राओं का रक्त जांच किया गया।

## मुखिया ने आदिवासी बहुल टोले में बांटा कंबल



**केतार (आजाद सिपाही)।** बढ़ते कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने पंचायत के आदिवासी बहुल टोला मायर में वृद्ध, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मूंगा साह ने बताया कि कनकनी के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त है। आदिवासी बहुल टोले में वृद्ध असहाय लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया गया है। इस मौके पर ब्रह्मदेव पासवान, मंगल सिंह, सन्मतिया देवी, बिफनी कुंवर भगमतिया कुंवर, सुमित्रा देवी, जीरा देवी, खरूली देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय त्योहार दर्शन (भारत में सभी धर्म के होने वाले त्यौहार) का प्रदर्शित किया गया। साथ ही पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय पूर्व छात्र संयोजक आलोक कुमार तिवारी, विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, पूर्व छात्र संयोजक चंदन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे एवं विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहित समिति और स्थानीय मंदिर के पुजारियों को अंग वस्त्र और रामचरितमानस का पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कला संगम धनबाद में झारखंड प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रांजल शुभा ने यहां उसी गीत का प्रस्तुतीकरण की। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के पूर्व छात्र सुधीर प्रजापति, संतोष कमलापुरी,शैलेश कुमार अग्रवाल, नीतीश राज, शुभम, उज्जवल विश्वकर्मा, नित्यानंद, अभिषेक, युवराज, शंकर सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, हजारीबाग के क्षेत्राधिकार अन्तर्गत बरही प्रखण्ड में बरही तालाब, थाना न0 72 खाता सं0 82 प्लॉट न0 1305, तथा खाता न0 82 प्लॉट न0 1306 में अवस्थित केवल तालाब की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25, 2025–26, 2026–27 (तीन वर्ष) के लिए दिनांक 27/01/2024 को 1. 30 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा की जायेगी। जो व्यक्ति निलामी में भाग लेना चाहते है, निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकतें है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 316027 District(23-24).D

# असहायों के बीच कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिनिया।** चिनिया प्रखंड के रानचेरी गांव में शुक्रवार को एमआईएम पार्टी के गढ़वा रंका विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने एक मिलन समारोह कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को ठंड को देखते हुए गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसमें मंदोदरी कुंवर नौकी कुंवर लेट सिंह, जगबानी देवी, राम सकल कोरबा, कुर्बान अंसारी, संतु पूर्व तेतरी देवी, मलखान सिंह, रीता देवी, बाबू पुरवा, सुमित्रा देवी, इसहक मंसूरी आदि सैकड़ों लोगों के बिच वितरण किया गया। इस मौके एमआईएम के पुर्व प्रत्याशी डॉ एमएन खान जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार जिला प्रवक्ता रहमान अंसारी युवा जिलाध्यक्ष मोजाहिम अंसारी मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुक अंसारी रंका प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी हसनैन मंसूरी खुश्दिल अंसारी सुरेंद्र गुप्ता गुलबहार अंसारी हाजी नसीरुद्दीन इफ्तिखार अहमद, इत्यादि लोगों ने कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान एमआईएम पार्टी के सिद्धांतों के बारे में लोगों से चर्चा कर पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी एमएन खान ने कहा कि वर्तमान की सरकारी और मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गये। प्रधानमंत्री आवास योजना में केंद्र सरकार के अलावा झारखंड सरकार द्वारा राशि दिए जाने की बात की गयी थी, जो एक भी वादा पूरा नहीं हो सका सब वादा ही बनकर रह गया।

## पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व पूजित अक्षय और निमंत्रण कार्ड का वितरण घघरी गांव के विभिन्न टोला में टोली बनाकर उत्साह पूर्वक किया जा रहा है। गुरुवार को घघरी गांव में श्री राम मंदिर का तस्वीर देकर लोगों को निमंत्रण पत्र और पूज्य अक्षत हर घर में वितरण किया गया। मौके पर सभी भक्तों से 22 जनवरी को अपने घर की साफ सफाई, पूजा अर्चना एवं मीठे पकवान बनाने, घर के दरवाजे पर रंगोली सजाये एवं शाम को दीप जलाकर दीपोत्सव मनायेंगे और एक दूसरे को बधाई देंने का आग्रह किया गया। राम भक्त संजय भगत के नेतृत्व में निमंत्रण देने वालों में राम अवतार कुशवाहा, दिनेश शर्मा, अभिषेक राज, सुनील कुमार बैठा, बबलू कुमार चंद्रवंशी, लाल मोहन यादव, सुरेश प्रसाद यादव, के डी, अविनाश सहित कई लोग शामिल थे

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, हजारीबाग**

**–: आम सूचना :–**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत हजारीबाग जिला में Brucellosis बीमारी का रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24श्कार्यक्रम Brucellosis Vaccination Program 2023-24 (Round 2) दिनांक 16.01.2024 से 31.03.2024 तक योग्य मादा गोवंशीय पशुओं (4–8 महीना) को निःशुल्क टीकाकरण अभियांन चलाया जा रहा है।

Brucellosis Disease से पशुओं में प्रजनन क्षमता कम होने के कारण बांझपन का शिकार होना, गर्भवती पशुओं में गर्भपात हो जाना एवं Brucellosis Disease से ग्रसित पशु के सम्पर्क होने पर मानव में भी बीमारी का संक्रमण होने की संभावना होती है।

अतः सभी पशुपालकों से आग्रह है कि प्राईवेट वेक्सीनेटरों द्वारा किये जा रहे टीकाकरण कार्यकम में पशु स्वामी द्वारा अपना आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 उपलब्ध कराना आनिवार्य होगा ताकि पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग Online भारत पशुधन App में किया जा सके, अधिक से अधिक पशुओं में Brucellosis रोग का टीकाकरण अवश्य कराएँ एवं इस अवसर का लाभ उठाए एवं पशुधन को सुरक्षित करते हुये आर्थिक क्षति से बचाव कर स्वंय, राज्य एवं देश के आर्थिक प्रगति में सहयोग प्रदान करे।

टेग नही तो टीका नही।
जन–जन तक संदेश पहुचाना है।
Brucellosis रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 316010 Animal Husbandry(23-24).D

# शांति निवास बालिका वर्ग में बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल ने पिछले वर्ष के विजेता टीम ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा को छह विकेट से हराकर चैंपियन बना। शांति निवास स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर ज्ञान निकेतन को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया।ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम निर्धारित ओवर में सिमरन के 22 रन के सहारे सात विकेट खोकर 65 रन बनाए।जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने दो ओवर शेष रहते अनन्या के नाबाद 27 रन की बदौलत चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के अनन्या को पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने प्रदान किया।

इस मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि आज बेटी को खेलता कि गढ़वा की लड़की जिस तरह से खेली है। वह कही से भी बेटे से कम नहीं है। आयोजक ने बेटी को क्रिकेट खेलने के लिए जो पेलेटफ्रॉम दिया है। इस प्रतियोगिता से निकलकर खिलाड़ी अपने गांव और देश का नाम रोशन करे, अभिभावक ने भी अपने लड़की को क्रिकेट खेलने के लिए रोका होता तो आज नहीं वह प्रदर्शन नहीं कर पाती। अब बेटियों को घर की दहलीज तक रखने की बजाय उन्हें खुलकर सहयोग करने से ही वे अपना भविष्य बनाने के साथ आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस मौके पर अध्यक्ष मदन केशरी उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अजीत सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय रणजीत तिवारी मनीष, अनिल कुमार, धीरज, मनोज, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस, संजू सिंह शामिल थे।

## डीएवी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर आज दूसरे दिन कई खेल हुआ। जिसमें 50 मीटर दौड़ में एलजी के प्रथम हसनैन आलम द्वितीय सैफ अली तृतीय सिफत नाज, यूकेजी में प्रथम दानिश खान द्वितीय सादिक हसन तृतीय उमूल खैर, कक्षा प्रथम में प्रथम आहिल रंगसाज द्वितीय अब्दुल माजीद हसन तृतीय आदित्य गोस्वामी, कक्षा तृतीय में प्रथम शुभम कुमार द्वितीय सारिक हसन तृतीय हारिक हसन। खेलकूद में बढ़ चढ़कर सहयोग करने के लिए धीरज कुमार को पुरस्कृत किया गया। 17 जनवरी को विद्यालय में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया जायेगा।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 04/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 13.01.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR7/ STPKG-01/2023-24 | (1) L071 - T06 से सेरनदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 4.130 कि0मी0)<br>(2) सेरनदाग से सासंग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 6.000 कि0मी0)<br>(3) L080 - T06 से बिजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 8.550 कि0मी0) | 1421.929 | रू0 चौदह करोड़ इक्कीस लाख बानबे हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 09 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.02.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 316090 (REO) 23-24 (D)

## लापुंग व फतेहपुर में विधायक ने किया हर घर नल जल योजना का शिलान्यास

# सापुकेरा पंचायत के 1586 घरों में पहुंचेगा शुद्ध पानी: शिल्पी नेहा तिर्की

**15 करोड़ रुपये की लागत से पूरा होगा योजनाओं का काम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** सापुकेरा पंचायत अंतर्गत पेय जल एवं स्वच्छता विभाग से जलजीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना का कारो नदी से बहु ग्रामीण पाइप लाइन पेयजल योजना का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। एक योजना का कारो नदी कब्रिस्तान के बगल व प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में लापुंग प्रखण्ड परिसर में, दो अलग-अलग शिला पट के माध्यम से किया गया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कि लापुंग प्रखंड के 11 गांव व मालगो पंचायत के जातालोया गांव के माध्यम से 1586 घर में शुद्ध पेय जल पहुंचाया जाएगा। इस योजना की प्रककलित राशि लगभग 15 करोड़ रुपये है।

कारो नदी में इंटेक वेल बनाकर पाइप लाइन से लापुंग प्रखंड मुख्यालय में टंकी के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाया जाएगा। मौके पर बीडीओ एमानुएल जयविरस लकड़ा, सीओ पंकज कुमार, पीएचडी जई विजय सिंह, सहायक अभियंता देवनंदन सिंह, संवेदक मदनलाल बजाज, विधायक प्रतिनिधि जनमेजय पाठक, सुदामा महली, मुखिया सविता उरांव, मेरी होरो, सरोज मुंडा, पंचायत समिति सदस्य हिंना तरनुम, नशिम आलम, पूर्व मुखिया सुशीला होरो, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा आदि उपस्थित थे।



विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करतीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

## हंसराज हाउस ओवरऑल चैंपियन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तीन दिवसीय वार्षिक खेल सह राष्ट्रीय युवा दिवस का समापन शनिवार को हुआ। 11 से 13 जनवरी तक चले इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीएड एवं डीएलएड के दोनों सत्रों के विद्यार्थियों ने चार हाउस में बांटा गया। इस खेल में सभी हाउस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। विवेकानंद, दयानंद, श्रद्धानंद एवं हंसराज हाउस के मास्टर क्रमशः मनोज कुमार गुप्ता एवं मधुरंजन, कृपाशंकर व श्वेता कुमारी, मुकेश कुमार तिवारी व रिभा कुमारी के अलावा विवके राज जायसवाल व नंदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में सभी हाउस में इंडोर व आउटडोर खेल के विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा जैसे स्पून रेस, थ्री लेग रेस, 100 मी रेस, शॉटपुट, रस्साकस्सी, बैडमिंटन, क्रिकेट, रिले रेस आदि का आयोजन हुआ।

## मेला हमारी संस्कृति की पहचान : राजेश कच्छप

### मेला संस्कृति, सामाजिक, समरस्ता को देती है बढ़ावा : रामटहल

**मकर संक्रांतिः अनगड़ा के मां चंडी टुसू मेला में उमड़ी भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** मकर संक्रांति के अवसर पर शनिवार को महली हुहू में मां चंडी टुसू मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूरदराज से हजारों लोग पहुंचे थे। इस अवसर पर केशव केसरिया एवं अजय देवघरिया के म्यूजिकल ग्रुप के क्यूम अब्बास, सुनिता, अनिता आदि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत गाकर लोगों को नाचने-झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश कच्छप के अलावा पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, डॉ रिझू नायक, अशोक नायक, प्रमोद सिंह, नरेश साहू, सिकंदर अंसारी, राजेंद्र महतो, अजय महतो, शिवदास गोस्वामी, मधुसूदन मुण्डा, लोकनाथ पाहन, अघनु महतो, एतवा उरांव, सरिता देवी, धनीराम महतो, अजय सिंह भोगता आदि शामिल हुए। विधायक ने कहा कि मेला हमारी लोक संस्कृति व परंपरा की पहचान है। यह हमारे विरासत की धरोहर है जिसे बचाए रखने की आवश्यकता है। वहीं, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला संस्कृति सामाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है। यह हमें एक साथ मिलजुलकर रहने और खुशहाली का संदेश देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष पुशनाथ मुण्डा, संचालन घनेनाथ महतो और स्वागत महेश कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष पुशनाथ मुण्डा, घनेनाथ महतो, महेश महतो, जयनाथ मुण्डा, संजय महतो, सुखदेव महतो, रामजतन महतो, शिवचरण भोगता, सोहन मुण्डा, राजेश महतो, राजकिशोर महतो, भुपनाथ महतो, सोहन महतो, मधुसूदन मुंडा, लोकनाथ पाहन, अघनु महतो आदि का सराहनी योगदान रहा।



## युवाओं के सहयोग से भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है : रामनारायण



**इटकी (आजाद सिपाही)।** कुंदी और कुल्ली पंचायत सचिवालय प्रागंण में शनिवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह प्रोफेसर रामनारायण भगत ने कहा कि युवाओं के सहयोग से भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए युवाओं व महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेना के लिए प्रेरित भी किया। कहा कि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वाला योजना, मनरेगा स्वच्छ भारत योजना सहित कई जन कल्याणकारी योजना चला रखी है। इसका सजगता के साथ लाभ उठाना चाहिए। इस सबके लिए एक-एक लाभुकों को सामने लाकर अपना अनुभव जनसभा को प्रेरित करने के लिए भी संबोधन कराया। वहीं, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने केंद्र सरकार द्वारा चालाई जा रही लाभकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। साथ ही प्रखंड में लाभुकों की संख्या भी बताया। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर के साथ चुल्हा, प्रधानमंत्री आवास, जॉब कार्ड भी वितरित किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यकम में मुखिया फ्रांसिसका केरकेट्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, सीओ विजय कुमार, बीपीआरओ धनेश्वर राम, कोऑर्डिनेटर संदीप बाखला, वीपीओ संजय साहू, पंचायत सुरेश कुजुर मलिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन बीएसओ हेमंत एक्का और अध्यक्षता बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने की।

## डेटा साइंसेज पर कार्यशाला आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी ने शनिवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में डेटा साइंसेज पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व आईक्यूएसी के निदेशक प्रोफेसर डॉ आशीष सरकारने किया। मुख्य वक्ता डॉ नरेश चंद्र गुप्ता थे। कहा कि कंप्यूटर विज्ञान में डॉक्टरेट, करियर काउंसलर, प्रेरक वक्ता एवं 500 से अधिक सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गयी। इस मौके पर डॉ नरेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि डेटा साइंस के उपयोग से हमें नई और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। जो अनुशंसाओं, योजनाओं और निर्णयों के लिये महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, डेटा साइंस के क्षेत्र में आपको जॉब की संभावनाएं भी बहुतायत होती है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्पणा शर्मा डीन एकेडेमिक्स ने किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह मौलाना आजाद कॉलोनी पेट्रोल पंप के समीप रांची-पुरूलिया रोड पर बस व बाइक की ड़िंत में एक युवक की मौत हो गयी। घटना शनिवार की सुबह 11 बजे की है। मृतक की पहचान मंगल बारला के पुत्र बिनीत बारला (23) के रूप में की गयी है। वह खूंटी जिले के गोविंदपुर कर्रा गुसाईं टोली का रहने वाला था। इसकी सूचना पाकर पहुंची पीसीआर-19 ने बस को पकड़ लिया और मृतक युवक को पोस्टमार्टम के लिये रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, बस और बाइक को जब्त कर थाने ले आयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक युवक अपनी बाइक में एचपी पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर नामकुम की ओर निकला था। तभी हजारीबाग से कांटा टोली बस स्टैंड जा रही सोनु सुधाशुं बस की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## बरगावां में हमारा संकल्प विकसित भारत का आयोजन

**नामकुम बरगावां पंचायत**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार द्वारा आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नामकुम प्रखंड के बरगावां पंचायत में की गयी। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। साथ ही प्रखंड के सभी विभागों द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गयी। राज्यसभा के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जन धन योजना, स्वछ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, सौभाग्य योजना के तहत हर घर मुफ्त बिजली कनेक्शन, हर घर जल नल, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वाला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधि योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, आत्मनिर्भर भारत सहित अनेको योजनाएं आज देश भर में चलाये जा रहे है। महिलाओं और युवाओ को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी जा रही है। कार्यक्रम में मुखिया अनिता तिर्की ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। मौके पर प्रत्येक विभाग के पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्कूलों में है केवल एक शिक्षक, कैसे सफल होगा सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ अभियान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ अभियान शुरू किया है। इस दौरान बच्चों ने पंक्तिबद्ध होकर सीटी बजाते विद्यालय के नजदीकी मुहल्लों का भ्रमण किया और छात्रों और उनके अभिभावकों को इस दिशा में जागरूक करने का प्रयास किया। जिससे स्कूल में उपस्थिति भी बढ़ गई। लेकिन प्रखंड के कई स्कूल में मात्र एक शिक्षक है। ऐसे में बच्चे कैसे पढंगे। सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर सरकार के दावे भले ही बड़े-बड़े हों, लेकिन सच्चाई यह है कि खुद सरकार की अनदेखी के चलते स्कूली शिक्षा का ढांचा चरमराता दिख रहा है। इसका कारण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। जर्जर भवन, शौचालय व पेयजल की समस्या है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पिछले काफी समय से मात्र एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इससे विद्यालयों में बच्चों का नामांकन लगातार घट रहा है। गांव के विद्यालय शिक्षकों को तरस रहे हैं। एकल शिक्षक विद्यालय होने से स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था कैसी होगी इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। प्रखंड के फादिलमर्चा, हांठु सहित कई विद्यालय एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। शिक्षक नहीं होने से अभिभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों से निकाल कर मजबूरी में निजी विद्यालयों में भर्ती करवा रहे हैं। ऐसे एकल विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य अंधेरे में चल रहा है। यही हालत रही तो सरकारी विद्यालय में प्रवेश बंद हो जाएंगे।

एकल विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि उन्हें यू डाइस रिपोर्ट तैयार करनी होती है। ई-विद्या वाहिनी मिड डे मील की रिपोर्ट तैयार करनी होती है। मासिक एसएमसी की बैठक की रिपोर्ट बनानी होती है। इसके अलावा भी कई कार्य हैं जो शिक्षकों को ही करना पड़ता है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकारी स्कूलों में हो पाएगी यह संभव नहीं होगा? जब एक विद्यालय में एक ही शिक्षक होगा तो वहां बच्चों को पढ़ने के साथ अन्य रिपोर्ट तैयार करना भी शिक्षक के जिम्मे है।

चिंता है कि सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ अभियान प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तो ठीक है। लेकिन संसाधन और अच्छे स्कूल भवनों का अभाव है। वहीं, शिक्षकों की कमी ने भी बच्चों के भविष्य की उम्मीदों को धुंधला कर दिया है।

## फुटपाथ दुकानदार संघ की हुई बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** फुटपाथ दुकानदार संघ नामकुम स्टेशन पुरुलिया रोड की बैठक शनिवार को सदस्यों द्वारा नामकुम टेंपो स्टैंड के समीप की गयी। जिसकी अध्यक्षता नामकुम समाजसेवी जयराम ठाकुर ने की। इसमें मुख्य रुप से वार्ड 47 के पूर्व पार्षद किरण सांगा भी शामिल थे। बैठक में नगर निगम द्वारा फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमण के संबंध में दिये गये नोटिस पर चर्चा की गयी। संघ के सदस्यों ने नोटिस के साथ 16 जनवरी को डीसी और नगर आयुक्त से मुलाकात करने का निर्णय लिया। इस मौके पर दुकानदार संघ के जयराम ठाकुर, पूर्व पार्षद किरण सांगा, बादल सांगा, भजन सिंह मुंडा, सतीश ठाकुर, सुरेंद्र यादव, शिवजनम यादव, प्रतिमा टोप्पो, संतोष जायसवाल, दीनानाथ प्रसाद, जानकी साहू केसरी, नवल किशोर महतो, बबलू आदि थे।

## अनगड़ा में आयोजित की गयी भोगता विकास संघ की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महलीहुहू गांव में शनिवार को भोगता विकास संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रतिया भोगता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के केन्द्रीय प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह भोगता शामिल हुए। बैठक में भोगता समाज की आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर चर्चा की गई। वहीं भोगता समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर की गई। वीरेंद्र सिंह भोगता ने कहा कि अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने के बाद समाज को विकास एवं आरक्षण का लाभ मिल रहा है या नहीं इस पर ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में भोगता विकास संघ द्वारा फरवरी 2024 में वनभोज सह स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में विशंभर भोगता, मोहन भोगता, भोला भोगता, राजेन्द्र भोगता, चमरू भोगता, रघु भोगता आदि मौजूद थे।

## छात्र प्रतिभा का बजा रहे डंका : पूनम दुबे



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा में विज्ञान प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट सह खेलकूद व मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर प्रदर्शनी लगाकर प्रतिभा दिखाया। वहीं, प्राचार्या पूनम दूबे ने छात्रों द्वारा तैयार प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उनके द्वारा तैयार किए गए फूड प्रोडक्ट का लुत्फ उठाया। प्राचार्या ने कहा कि बच्चे डीएवी स्कूल में पढ़कर अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे हैं। बच्चों के कौशल विकास के उद्देश्य से साइंस एवं क्राफ्ट एग्जीबिशन के अलावा फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया। साइंस एग्जीबिशन में चंद्रयान-3, वाइल्ड लाइफ, सैंक्चुअरी वाटर, साइकिल सोलर सिस्टम, ह्यूमन हार्ट, ट्रैफिक लाइट मॉडल, जंक फूड, हेल्दी फूड, फ्रूट नेम, वॉटर प्यूरीफायर आदि की प्रदर्शनी लगायी गयी। खेल में कराटे, लंबी कूद, बॉलीबॉल, जिलैबी रेस, स्पून रेस आदि खेल खुद किया गया। जिसमें सभी जीते हुए प्रतिभागी को प्राचार्या पूनम दूबे ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर रिंकी कुमारी, इंदु कुमारी, संगीता कुमारी, ज्योति, नूतन, गायत्री, निशा, रेशमा, चंदा रेखा, अफसाना, पुष्पा आदि थे।

## बेड़ो में पतंग महोत्सव का हुआ आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण डीपीएस स्कूल जरिया परिसर में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने पतंग महोत्सव के आयोजन के संदर्भ में विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद, प्रेमिका लकड़ा, संध्या साहू, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी, राज कूपर और सुरेंद्र शाह आदि मौजूद थे।

## नगड़ी का ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेला का उद्घाटन आज

# शराब बिक्री-पीने पर पूर्ण पाबंदी : डीसी

**तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे रांची डीसी राहुल कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी का ऐतिहासिक मकरसंक्रांति मेला सोमवार को लगेगा। मेले की तैयारी पूरी हो चुकी है। तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को रांची डीसी राहुल कुमार नगड़ी पहुंचे और मेला परिसर सहित स्वणरेखा नदी के उदगम स्थल रानी चुंआ की भी जानकारी ली।स्वणरेखा नदी के उदगम स्थल रानी चुंआ के विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने अंचलाधिकारी राकेश कुमार ,बीडीओ दीपाली भगत, नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार को दुकानदारों और दर्शनार्थियों के लिये दिशा निर्देश जारी करने को कहा। मेला के आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी का निर्देश दिया। उन्होंने मेला में आने-जाने वालों के लिये ट्रैफिक को अनुसरण करने का निर्देश दिया। मौके पर नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मदुवा कच्छप, उप प्रमुख अफसाना परवीन, नगड़ी मुखिया मंजीत उरांव, पंचायत समिति शिला देवी अनिता देवी और गुलरेज अंसारी, स्वर्णरेखा महोत्सव समिति के अध्यक्ष बजरंग महतो, मेला समिति के अध्यक्ष अरबिंद भगत, ओम प्रकाश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, चूड़ामणि महतो प्रेम सागर महतो, शाहिद अहमद, शंकर चौधरी, मनीष केसरी, अजय महतो, भोला महतो, राजमोहन महतो, क्रिजीवन महतो, अशोक ठाकुर, वीरेंद्र महतो, अयोध्या महतो, संजय महतो, तपोश महतो, उमेश महतो, बसंत केसरी, नबी जनस अंसारी आदि ने भी मेला स्थल का मुआवना किया।



नगड़ी के ऐतिहासिक मकरसंक्रांति मेला का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## रातू हाई स्कूल मैदान में लगा रोजगार मेला



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीएनराज हाई स्कूल मैदान में शनिवार को झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जेएसएलपीएस के माध्यम से रोजगार मेला सह मोबलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विजन इंडिया सीपीआइटी, जीसीएस स्टेस, कॉटन ब्लॉसम, रसेटी रुड़सेटी आदि का स्टॉल लागाया गया था। कार्यक्रम में प्रखंड के बेरोजगार युवक-युवतियों ने पीआईए से अपनी बातें रखी। मेले में करीब 300 लोग मौजूद थे। इसमें समूह की बहनें भी शामिल थे। 18 से 25 आयु वर्ग के 105 बेरोजगारों ने विभिन्न ट्रेड में अपना निबंधन कराया। शिविर में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, बीडीओ हरिशंकर बारिक, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी व बीपीएम प्रकाश उरांव ने अपनी बातें रखी व विभाग की ओर से चलायी जा रही रोजगार उन्मुखी योजना व कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया। मौके पर मुखिया जयश्री उरांव, सरपंच नागिया उरांव, फुलमनी देवी, रूपेश गोप,जेम्स बांड खलखो, कृष्णा ठाकुर, राकेश कुमार, सलगी उरांव, सीसी रॉकी साहू, अंजना लकड़ा, बृहस्मनी बेक, विजय महतो, शिव कुमार सिंह मौजूद थे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक व शिक्षकों ने पद्मश्री सिमोन को किया सम्मानित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार व शिक्षकों ने शुक्रवार को पद्मश्री सिमोन उरांव से सांई मंदिर रोड स्थित घर में जाकर मुलाकात की। स्कूल के आठवें वार्षिक उत्सव की जानकारी दी। निदेशक व शिक्षकों ने पद्मश्री सिमोन उरांव को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह दिया। कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे स्कूल के सभी कार्यक्रम में सिमोन बाबा उपस्थित रहते थे। विद्यालय को बाबा का आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य सही नहीं होने के कारण वे नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि उन्हें आने का बहुत मन था। कैलाश कुमार ने भगवान से उन्हें जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की है। मौके मुकेश कुमार व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## अक्षत-निमंत्रण पत्र लेकर गाजे-बाजे के साथ गांगु टोला और बारिडीह पहुंचे ओरमांझी के राम भक्त



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के राम भक्त शनिवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व श्री चित्र को लेकर गाजे-बाजे के साथ प्रखंड के ग्राम बारीडीह और ग्राम गांगू टोला पहुंचे। वहां विश्व हिंदू परिषद व ओरमांझी मातृ शक्ति की ओर से अक्षत और निमंत्रण पत्र व श्री चित्र का वितरण किया गया। सभी हिंदू परिवारों से साफ सफाई रखने समेत 22 जनवरी को भव्य दीपावली के जैसा दीप प्रज्वलन करने का भी आग्रह किया गया। इसके साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखंड रामायण, सुंदरकांड का पाठ, राम रक्षा स्तोत्र, विजय महा मंत्र और अंत में महाआरती का आयोजन कर प्रसाद वितरित करने का भी आग्रह किया गया। इस दौरान करीब 500 घरों में निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानकी राजेंद्र साही, विहिप प्रखंड मंत्री शशि मेहता, पंसस सह मातृ शक्ति ललिता मेहता, सिकंदर महतो, ब्राम्हदेव नायक, राजेश गुप्ता, अलखनाथ महतो, संतोष गुप्ता, रूपेश साहू, कृष्णा पाहन, राजा तिवारी, विकास मेहता, मनोज साहू, धनजय महतो, मोनिका देवी, किरण देवी, मनी देवी, रेखा देवी, किरण मेहता, सोनी देवी, गीता देवी, जमनी देवी, पुजा सिंह, प्रतिमा देवी, मनिता देवी, मोनी केशरी, लालो देवी, सकुंतला देवी, फुलकुमारी देवी, रीता देवी, छोटेलाल महतो, बलदेव महतो, सदानंद कुमार, विमल मुंडा, अशोक साहू और कामेश्वर महतो आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए खुलेगा गेट

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र के महुआ टोली, लालगंज और सूर्य नगर कॉलोनी में रहने वाले पूर्व सैनिकों ने शनिवार को पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जेओसी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि 23 इंफेंट्री डिवीजन में भूतपुर्व सैनिकों द्वारा रैली निकाली गयी थी। जिसमें पूर्व सैनिकों के सुविधा के लिये टीसीपी गेट नंबर 4 को खोलने की अपील की गयी। जोओसी से मुलाकात करने के बाद उन्होंने गेट को सुबह 7 बजे से दोपहर दो बजे तक खोलने को लेकर अपनी सहमती जतायी है। इस मौके पर सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों से मिले संजय बैठा, दी सांत्वना

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** निवर्तमान पार्षद सह जिला कार्य समिति सदस्य संजय बैठा शनिवार को विश्रामपुर नप के वार्ड 18 स्थित महुआखाला पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर परिवार वालो को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि नावाडीह कला के महुआखाला टोला निवासी बनारसी पासवान की 60 वर्षीय पत्नी शिवकुमारी देवी का निधन पिछले दिनों लंबी बीमारी के कारण हो गयी थी। इसकी जानकारी संजय बैठा को हुई तो वे महुआखाला पहुंच कर मृतक के परिजनों से मिले। साथ ही मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर पप्पू यादव, बद्री पासवान, भिखारी पासवान आदि मौजूद थे।

### अपील : फुटपाथ दुकानदारों के कई परिवार को सोना पड़ेगा भूखे

# उजाड़ने से पहले बसाने की व्यवस्था करें निगम: अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कड़ाके की इस ठंड में जगह-जगह गरीबों को एंक्रोचमेंट के नाम पर उजाड़े जाने को दुखद बताया है। प्रथम महापौर ने कहा कि एंक्रोचमेंट को मैं भी गलत मानती थी। लेकिन गरीबों को उजाड़ने से पहले प्रशासन को बसाने की पहल भी करनी चाहिए। ऐसा नहीं करने से कितने परिवारों को भूखे सोना पड़ेगा। प्रथम महापौर ने बताया कि मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए 3.5 करोड़ रुपये की राशि मंगवाई है, जो अभी भी निगम में पड़ा हुआ है, जिससे स्टेट बस डिपो के बगल में खाली पड़ी भूमि, पूरन चंद सेतु से पहले टैक्सी स्टैंड, बड़ा तालाब के बगल में 60 डिसमिल भूमि जिसका वेंडर जोन बनाने के लिए नक्शा भी निगम में तैयार है उपरोक्त सभी भूमि वेंडर जोन के लिए चिन्हित कर छोड़ी हूं सिर्फ टेंडर करना है। निगम वेंडर जोन बनाने की त्वरित कार्रवाई करें और फुटपाथ वेंडर को बसाने की व्यवस्था करें।



# समय व सही निर्णय के बेहतर तालमेल से ही मिलती है सफलता: अविनाश देव

### सही समय पर दिया गया दिशा-निर्देश ही तय करता है बच्चों का भविष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में शनिवार को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव की उपस्थित में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेंस व काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान करियर काउंसलर ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। इसमें पलामू में अलग-अलग विषयों के श्रेष्ठ शिक्षक आरएन सिंह, मो अजीम, यूएस चौबे और प्रवीण दूबे मौजूद थे। विद्यालय के चेयरमैन ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते। उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना है यह मालूम नहीं है। आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह भी जानना बहुत जरूरी है। साथ ही बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। कहा कि हम जब किसी समारोह में जाते हैं तो खुद को सजा-संवारकर जाते हैं। इसी प्रकार जब आप बोर्ड परीक्षा देते हैं तो आपको पढ़ाई हुई चीजें भी आपके दिमाग में विशेष प्रकार से सुसज्जित होनी चाहिए। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते हैं। पर हमारे समय में ऐसा नहीं था। मालूम हो कि कैरियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर का जानना अति आवश्यक है, जिनमें कारण, वेतन, इज्जत, जॉब सिक्योरिटी, प्लेजर टाइम, हेल्थ ईशू आत्मविश्वास और परिस्थिति आदि शामिल हैं।



**करियर काउंसलिंग में छात्रों को मिला मार्गदर्शन**

भौतिक विज्ञान के श्रेष्ठ शिक्षक आरएन सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायक सूत्र दिए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। वहीं, ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को किस प्रकार और अधिक बेहतर बनाया जाए इसके प्रति जागरूक किया गया। रसायन विज्ञान के शिक्षक मोहम्मद नाजिम ने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते है। बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है। यूएस चौबे ने बताया कि पढ़ाई को जितना हम कठिन समझते हैं वह वास्तविक में उतना कठिन नहीं होता है। यदि किसी भी विषय को अपने वातावरण से जोड़कर पढ़ेंगे तो खेल के जैसा लगने लगेगा। वहीं, मौके पर उपस्थित प्रवीण दूबे ने बताया कि बच्चे जब भी अपना करियर डिसाइड करते हैं तो वह अपने अंदर छिपी प्रतिभा को देखकर करियर डिसाइड नहीं करते, बल्कि किसी और के कहने पर वह अपना निर्णय लेते हैं जिनका हर्जाना उन्हें बाद में भुगतना पड़ता है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व काउंसलिग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, अमृत कौर, रोशन कुमार, श्याम कुमार के साथ ही समस्त कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

## भाजपा कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह ने दौरा कर अयोध्या के लिए किया आमंत्रित



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों और भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। शनिवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने हरिहरगंज प्रखण्ड का दौरा कर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निमंत्रण पत्र बांटा। कहा कि राम जन्म भूमि अयोध्या में उनकी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है, जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं। मौके पर मंडल महामंत्री रोशन सिंह, सन्नी गुप्ता, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि आरुण मिश्रा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, जिला कार्यसमिति सदस्य टंटू मिश्रा, सत्येंद्र मेहता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जयसवाल, अंबुज सिंह, विक्की पटेल, चंदन प्रजापति, अरुण कुमार, सिकंदर पासवान, सिकंदर ठठेरा, करण राजवीर, संजीव सिंह, अशोक सिंह, धनंजय यादव, ओम सिंह, सनोज गुप्ता, रघुनंदन साव और धनंजय सिंह आदि मौजूद थे।

## पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के अनुसार सभी क्षेत्र में मिलनी चाहिए भागीदारी : ब्रह्मदेव

**ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच की बैठक में प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता को लेकर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित कौशल विकास भवन सभागार में शनिवार को ओबीसी समाज की बैठक हुई। जिसमें विश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार और उंटारी रोड प्रखंड से काफी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में पिछड़ा समाज के हक एवं राजनैतिक भागीदारी विषय पर चर्चा हुई। इसके अलावा 15 जनवरी को प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता की रणनीति तय की गई। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाला पिछड़ा वर्ग परिवार आज हाशिये पर है। ओबीसी समाज को जनसंख्या के आधार पर हर क्षेत्र में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। इसके लिए ओबीसी वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज को एकसूत्र में बांधने के लिए ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही। साथ ही समाज को गोलबंद करते हुए हक के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत पलामू प्रमंडल से ही किया जायेगा। इसके लिए मंच के संयोजक मंडल द्वारा 16 जनवरी को पलामू व 18 जनवरी को गढ़वा से ओबीसी एकता एवं अधिकार यात्रा रथ यात्रा शुरू की जायेगी। युगल पाल ने ओबीसी समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। पूर्व विस प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी ने ओबीसी समाज के लोगों को संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा। इसके अलावा कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, सोना देवी, रेखा गुप्ता, शिव चौधरी, विनोद कुमार, राज नारायण पटेल, विजय चंद्रवंशी, विनय चंद्रवंशी, भजन वर्मा, संजय मेहता, बृजनंदन मेहता, वीरेंद्र चंद्रवंशी, आनंद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, कालीम अंसारी, पेंटर जिलानी, मुंशी प्रसाद गुप्ता, ज्वाला गुप्ता आदि ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, अरुण यादव, गुलाब पाल, विंदेश्वरी पाल, अजय बर्मा आदि मौजूद थे।

## 5 हजार रुपये से अधिक का बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर होगी कार्रवाई: कनीय अभियंता

### हैदरनगर में बिजली विभाग का शिविर 25 जनवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली बिल जमा करने के लिए प्रत्येक माह की 26 तारीख को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की वजह से जनवरी महीने में यह शिविर 25 जनवरी को ही लगेगा। जहां विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बकाएदार बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो कनेक्शन काटने के साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने वैद्य कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्य दिवस में जपला विद्युत कार्यालय में और प्रज्ञा केंद्र या किसी भी ऑनलाइन सेंटर से भी आवेदन किया जा सकता है। अगर किसी तरह की समस्या है तो अपनी समस्या का शिविर में आकर समाधान करा सकते हैं।

## श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह के गुरी शाखा की ओर से गर्म वस्त्रों का वितरण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मां मैत्रायनी योगनि जी के महानिर्वाण दिवस पर शनिवार को कुंभी कला पंचायत अंतर्गत तुलबुला गांव में जरूरतमंदो के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। जिसमें 30 कंबल, 30 साड़ी, 100 मोजा, 100 टोपी, 20 धोती व 20 गमछा शामिल था। इसके अलावा कीटाणु मुक्त कपड़ों का भी वितरण किया गया। इससे पहले विशेष पूजा पाठ हुआ। इसके बाद मुखिया सव्या कुमारी, वार्ड सदस्य कुणिल पासवान व जय राम मिश्रा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान एक विचार गोष्ठी भी हुआ। जिसमें अघोरेश्वर महाप्रभु जी के बारे और समूह स्थापना के बारे में बताया गया। समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम से भी लोगों को अवगत कराया गया। मौके पर रामलखन पांडेय, हलकानी राम, चंद्रदेव साव, साहेब राम, शिवचंद कुमार, आकाश कुमार, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, विनोद पांडेय, रामस्वरूप साव, राजेंद्र भुइयां, मीना देवी, कविता देवी, छोटू सिंह, अवधेश सिंह, कन्हाई सिंह, कुंदन सिंह आदि थे।

## सभी सामर्थवान व्यक्ति गरीबों के मदद को आगे आयें: रागिनी राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर राज परिवार के गढ़ परिसर में रानी सोमवती कुमारी एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदो के बीच 300 कंबल और 500 बच्चों के बीच राज परिवार के राजा रंजित सिंह राय व रानी रागिनी राय ने पोशाक का वितरण किया। रागिनी राय ने कहा कि हर गरीब के अंदर भगवान का वास होता है। इसलिए गरीबों की सेवा देव सेवा के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि अपने सामर्थ के अनुसार सभी को गरीबों की हर संभव मदद करने का प्रयास करना चाहिए। रानी रागनी राय ने कहा कि हर समर्थवान व्यक्ति को गरीबों के मदद के लिए आगे आना चाहिए। वहीं, रंजित राय ने बताया कि मेरी माता रानी सोमवती कुमारी के नाम से ट्रस्ट स्थापित कर पिछले कई वर्षों से हम लोगों का हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर प्रोनजीत बोराल, चिंसु सिंह, रवीना कुमारी, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, समाजसेवी विजय कुमार रवि, पार्षद सुनील चौधरी, सुदेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, लल्लू बक्सराय, भोला भंडारी आदि मौजूद थे।

## सफाई कर्मियों ने दो वर्षों से बकाया मजदूरी का भुगतान करने की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सफाई कर्मियों ने कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2020-21 का बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग की है। मजदूरों ने बताया कि तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण और सीटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर वार्ड संख्या-1 से 16 तक सफाई, झाड़ी कटाई और नाली सफाई का कार्य किया गया था। पर फंड नहीं रहने की बात कहकर 93 श्रमिकों का मजदूरी अभी तक नहीं मिला है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास ने सिटी मैनेजर निजामुद्दीन अंसारी को बकाया मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। मौके पर मुरारी प्रजापति, ललन डोम, राहुल कुमार आदि थे।

## मेला स्थल पर एसडीओ ने की दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रशिक्षु आइएस सह हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशिष गंगवार ने मकर संक्रांति मेला स्थल पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। इसे लेकर दंगवार सूर्यमंदिर परिसर में बीपीएम जयराम मेहता, जेई मणिकांत कुमार, प्रभारी एमओ मनोज कुमार, सहायक गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार, देवरी कला पंचायत भवन के पास प्रखंड समन्वय राजू रंजन, अंचल सीआई अशफाक अहमद, हैदरनगर के कबरा कला में जेई मो रजा अंसारी, मोहम्मदगंज भीम चूल्हा/भीम बराज के पास जेई बसंत कुमार, प्रभारी सीआई मुकेश कुमार को दंडाधिकारी के रूप में मनोनीत किया है। इसे लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी को विधि व्यवस्था संधारण के लिये आवश्यक निर्देश दिये हैं।

# स्पोर्ट्स



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी कुआलालंपुर में आयोजित मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई भारतीय किसी भी कैटेगरी में खिताबी मुकाबले में पहुंचा है।

### मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

# सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, वर्ल्ड चैंपियन पेयर को सीधे गेम में हराया

**मलेशिया (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शनिवार को कुआलालंपुर में मलेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। टूर्नामेंट इतिहास में यह पहली बार है जब कोई भारतीय किसी भी कैटेगरी में खिताबी मुकाबले में पहुंचा है। बैडमिंटन रैंकिंग में दूसरे नंबर पर मौजूद भारतीय जोड़ी ने मेंस डबल्स



इवेंट के सेमीफाइनल में वर्ल्ड चैंपियन कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे की जोड़ी को सीधे गेम में हराया और खिताबी मुकाबले में पहुंची। भारतीय जोड़ी ने 21-18, 22-20 से मैच अपने नाम किया। 21 मिनट तक चले इस गेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बतातें चलें कि इंटरनेशनल सर्किट पर भारतीय व कोरियन जोड़ी 5वीं बार आमने-सामने हुई थीं। जिसमें तीसरी बार भारतीय जोड़ी जीती। दो में कोरियन जोड़ी को जीत मिली है।

**मलेशिया ओपन में अब तक कोई भारतीय नहीं जीता**

मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 1937 से खेला जा रहा है। मलेशिया ओपन 2024 के रिजल्ट पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए शटलरों को क्वालिफाइंग रैंकिंग पॉइंट्स देगा। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो पिछले साल 1 मई को शुरू हुई थी। मलेशिया ओपन में अब तक किसी भी भारतीय ने खिताब नहीं जीता है।

## पेरिस ओलिंपिक के लिए रिकॉर्ड 17 भारतीय शूटर्स क्वालिफाई

**विजयवीर को एशियन क्वालिफायर में सिल्वर मेडल**

**जकार्ता (एजेंसी)।** विजयवीर सिधू ने भारत को शूटिंग में ओलिंपिक का 17वां कोटा दिलाया। शूटिंग में भारत से अब तक इतने ज्यादा प्लेयर्स ने कभी क्वालिफाई नहीं किया था। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था। शनिवार को एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में विजयवीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले, 577 के स्कोर के साथ विजयवीर सिधू क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहे और फाइनल के लिए जगह बनाई। गेम्स इस साल जुलाई के दौरान फ्रांस के पेरिस में होंगे।

बतातें चलें कि जकार्ता में चल रहे एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में भारत का यह चौथा कोटा है। इससे पहले रिदम सांगवान, ईशा सिंह और वरुण तोमर ने महिला और पुरुष कैटेगरी में ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। भारत जुलाई में होने जा रहे पेरिस ओलिंपिक के लिए 33 कोटे हासिल कर चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 17 शूटर्स ने दिलाए हैं। भारत को एथलेटिक्स से 9, बॉक्सिंग से 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती से एक-एक ओलिंपिक कोटा मिला है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधि जरूरी: निदेशक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर किड्जोन स्कूल के छात्र-छात्राओं को सासाराम के शेरशाह सूरी और पायलट बाबा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक कामरान खान ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने खुले जगह में घूम कर अलग- अलग प्रकार के दृश्य और ऐतिहासिक चीजों को देखकर शैक्षिक शिक्षा और अलग अनुभव किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने से उन्हें वहां की गतिविधियों के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित होता है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे जो सीखते है वह किताबो से नहीं सीख सकते हैं। मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार, समन, अर्श, खुशी, परवीन, प्रियांशी कुमारी, खुशबू खातून, बच्चों में राहुल, अफशा, परवीन, निर्जला कुमारी, अनुष्का रानी, जिक्रा शबनम, खुशी, साजन कुमार, प्रिंस कुमार और आयुष कुमार शामिल है।

महत्वपूर्ण न्यूज

## अनुराग राय बने सहकार भारती के महामंत्री और सरोज जिला अध्यक्ष





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सहकार भारती प्रदेश महामंत्री द्वारा दी गयी सूचनानुसार धनबाद जिला क्षेत्र काफी विस्तृत है। संगठनीक दृष्टि से इसे दो भागों में विभाजित किया गया है। विदित हो कि सहकार भारती सहकार के क्षेत्र में कार्य करने वाली भारतवर्ष की सबसे बड़ी संस्था है। सहकार भारती विगत 45 वर्षों से अपने प्रयास में संघर्षरत है। झारखंड के 24 जिलों में संस्था के कार्य संचालित है। इस निमित्त प्रदेश महामंत्री धनंजय सिंह द्वारा धनबाद में अनुराग राय को महानगर अध्यक्ष और सरोज महतो को धनबाद जिला अध्यक्ष नियुक्त करने संबंधी घोषणा पत्र जारी की गई है। महामंत्री ने कहा कि दोनों से अपेक्षा है कि निःस्वार्थ भाव से सहकारिता के मूल भाव पर कार्य करेंगे। उक्त जानकारी सहकार भारती के प्रचार प्रसार एवं मीडिया प्रभारी रितेश झा ने दी।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स तमिलनाडु में भाग लेंगे एमजीएम के सात खिलाड़ी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की ओर से तमिलनाडु में आयोजित छठवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बोकारो एमजीएम स्कूल के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस पर स्कूल प्रबंधन ने एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार प्रेस वार्ता कर खिलाड़ियों की उपलब्धि के बारे में अवगत कराया। चयनित खिलाड़ियों में गतका खेल से साक्षी श्रीवास्तव, जेबा नाज, तृप्ति झा, जसमीत कुमार, वेदांत भारद्वाज एवं प्रियांशु राज सिंह 21 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक तमिलनाडु के मदुरई शहर में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जबकि जूडो खेल में जयंत कुमार 20 जनवरी से 24 जनवरी तक तमिलनाडु में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह सातों एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के काफी अनुभवी छात्र-छात्राएं है। इनमें से कुछ छात्र पहले भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग ले चुके हैं और इनका चयन असम के गुवाहाटी में हुए राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के आधार पर किया गया है। इनके चयनित होने पर एमजीएम स्कूल के प्राचार्य रेजी सी वर्गीस और स्कूल के प्रबंधन के सदस्यों एवं झारखंड गतका संघ के कोऑर्डिनेटर पप्पू कुमार, दिनेश मंडल और झारखंड जूडो संघ के सचिव परीक्षित तिवारी ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। वहीं प्रेस वार्ता में स्कूल की उप प्राचार्य रेखा बनर्जी, खेल शिक्षकों में ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी एवं वंदना कुमारी मौजूद थी।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी और एसएसपी ने किया हर्ल का दौरा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 जनवरी को प्रस्तावित धनबाद कार्यक्रम को लेकर शनिवार की देर शाम डीसी वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक ह्दीप पी जनार्दनन सहितअन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सिंदरी के हर्ल का दौरा किया। टीम ने हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) सिंदरी के हैलीपैड, कल्याण केंद्र और बलियापुर हवाई पट्टी का दौरा किया। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन और सिंदरी हर्ल के उद्घाटन को लेकर विभिन्न प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर स्थान को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही हर्ल प्लांट की तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। इस दौरान मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, हर्ल सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एचआर हेड संत सिंह, एचआर मैनेजर विक्रांत कुमार, चीफ मैनेजर प्रदीप घोष, सुरक्षा पदाधिकारी अरूण कुमार उदगता, एफसीआई सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के आरोप में 3831 यात्री पकड़ाये, 8.79 लाख रुपये की वसूली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल की ओर से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव कदम उठाये जा रहे हैं। यात्रियों से भी ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। बावजूद इसके कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलायी जाती रही है। इसे रोकने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर 2023 तक कुल 3831 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया और उनसे जुर्माना के रूप में आठ लाख 79 हजार 600 रुपए की वसूली की गई। केवल दिसंबर महीने में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए 389 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे 82 हजार 200 रुपये जुर्नाना वसूल किया गया है। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है।

## ठंड को देखते हुए प्रदीप महतो ने गरीबों में बांटे कंबल

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** स्व महावीर महतो की 9वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को बांसजोड़ा पंचायत भवन में जेबीकेएसएस नेता प्रदीप महतो की ओर से कंबल वितरण किया गया। बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रदीप महतो ने इस दिन 100 गरीब-लाचार लोगों के बीच कंबल बांटा। इस दौरान उपस्थित ग्रामिणों ने उनको बांसजोड़ा क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया, जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को जल्द ही विभाग से बात कर समस्याएं दूर कराने का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड आंदोलन के क्रांतिकारी रिजवान क्रांति, रजनी कुमारी, सुनील महतो, राकेश रवानी और सुभाष महतो आदि उपस्थित थे।

### एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा का लिया जायजा

# कोर्ट परिसर में प्रवेश के लिए अब दिखाना होगा पहचान पत्र

### वकीलों को आइकार्ड, मुवक्किलों को आधार कार्ड अनिवार्य रूप से दिखाना होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी एचपी जनार्दनन ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा का जायजा लेते हुए यहां लगने वाले वाहनों की पार्किंग स्थल के साथ ही कोर्ट परिसर में दाखिल होने के सभी रास्तों की बारीकी से अध्ययन किया। एसएसपी ने बताया कि हाइकोर्ट के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया गया है। कोर्ट परिसर में दो दरवाजे हैं, जहां पुलिस कर्मी प्रतिनियुक्त हैं। इसके अलावे बाहर आने-जाने का जो रास्ता है, वहां भी पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। साथ ही मेटल डिटेक्टर भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा भी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कई और कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। कोर्ट परिसर में प्रवेश के लिए वकील व मुवक्किल (दोनों) को ही अब पहचान पत्र रखना होगा। वकीलों को अपने पहचान पत्र पर प्रवेश मिलेगा, जबकि आम नागरिकों के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।



कोर्ट परिसर का निरीक्षण करते एसएसपी एचपी जर्नादन व अन्य।

## आइसीओजी अवार्ड से सम्मानित होकर डॉक्टर नेहा प्रियदर्शी ने किया कतरास का नाम रोशन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** सात्विक आइभीएफ (धनबाद) की संचालिका कतरास निवासी डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी को इंडियन कॉलेज ऑफ ओबस्ट्रेटिक्स एंड गायनेकोलॉजी (आइसीओजी) की फेलोशिप से सम्मानित किया गया। इस वर्ष छह से 10 जनवरी तक हैदराबाद में आयोजित 66वें अखिल भारतीय प्रसूति एवं स्त्री रोग कांग्रेस 2024 (एआइसीओजी) में एफआइसीओजी की ओर से सात्विक आइभीएफ धनबाद की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को आइसीओजी- इंडियन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की फेलोशिप से सम्मानित किया गया। बताते चलें कि आइसीओजी (एफआइसीओजी) एक शैक्षणिक शाखा है जिसमें डॉ पारुल कोट्डवाला की अध्यक्षता में एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस अधिवेशन में देश के सभी राज्यों से नामचीन डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी। इस कॉन्फ्रेंस में वर्तमान एफओजीएसआइ अध्यक्ष डॉ जयदीप टैंक और पूर्व एफओजीएसआइ अध्यक्ष डॉ नरेंद्र मल्होत्रा द्वारा संपादित पुस्तक एंटीबायोटिक्स इन ऑब्स एंड गायनी भी लांच किया गया है। खुशी की बात यह है की इस पुस्तक में एक अध्याय गर्भावस्था में यौन संचारित संक्रमण डॉ नेहा प्रियदर्शिनी द्वारा लिखी गई है जिसकी काफी प्रशंसा भी की गई। इसके अलावे डॉ मल्होत्रा निहारिका द्वारा अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए यंग टैलेंट प्रमोशन कमेटी सर्टिफिकेट भी डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को प्रदान की गई। नौ दिसंबर 2023 को नई दिल्ली में इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी की ओर से आयोजित 19वां वार्षिक अधिवेशन में भी डॉ नेहा को ईएफएस अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुरे झारखण्ड से एक मात्र डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को इस अवार्ड से नवाजा गया। इसके पूर्व 2011 में भी एआइसीओजी का आयोजन हैदराबाद में हुआ था जिसमे डॉ नेहा को सीएल झआवेरी अवार्ड से सम्मानित किया गया था। मौके पर डॉक्टर नेहा के पिता विजय कुमार झा, डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ शिवानी झा, उषा चौधरी, डॉ धीरज चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू, शंकर चौहान, गौतम मंडल, अनुज सिन्हा पल्टू, मुन्ना झा, धीरज सिंह आदि ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया।

## सांसद और विधायक ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से किया सड़क निर्माण की प्रशासनिक मंजूरी देने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता





**बेरमो।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआइएफ) के तहत सड़क निर्माण की प्रशासनिक मंजूरी देने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को संयुक्त रूप से इस बात से अवगत कराया कि सीआरआइएफ के तहत बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गंझडी मोड़ से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी 27 किलोमीटर, ललपनिया रजरप्पा मोड़ से रजरप्पा रोड तक 20 किलोमीटर एवं रामगढ़ जिले जिले के फोर लेन रोड में एनएच 33 पर सांडी मोड़ से बिजुलिया (ओल्ड एनएच 33) 12.8 किलोमीटर सड़क निर्माण की प्रशासनिक मंजूरी देने को लेकर गत 27 दिसंबर को प्रस्ताव आया है। मगर इसको अब तक मंजूरी नहीं मिली है। यह प्रस्ताव झारखंड सरकार के पथ निर्माण सचिव ने भेजा है। इस बावत संयुक्त रूप से केन्द्रीय मंत्री को प्रेषित पत्र में सांसद व विधायक ने विस्तार पूर्वक बातों को रखा और उनसे प्रशासनिक मंजूरी देने को लेकर शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने की कोशिश

## संदिग्ध व्यक्ति-परिस्थिति दिखने पर पुलिस को सूचित करें : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** पुलिस और आम जनता के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए लोयाबाद थाना परिसर में शनिवार को पुलिस जन सहयोग समिति का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने किया। गौरतलब है कि धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक थाना में पुलिस और जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने को लेकर प्रत्येक थाना प्रभारी को जन सहयोग समिति के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। कड़ी में लोयाबाद थाना परिसर में भी पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच कैसे मधुर संबंध स्थापित हो इस पर चर्चा की गई। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में अगर किसी भी तरह के आजामाजिक तत्वों द्वारा कोई अफवाह फैलाया जाता है या संदिग्ध परिस्थिति या व्यक्ति दिखता है तो इसकी सूचना थाना प्रभारी के अलावा अन्य किसी भी पदाधिकारी को तत्काल दे सकते हैं। मौके पर अवर निरीक्षक निरंजन महतो, सहायक निरीक्षक प्रताप उरांव के अलावा ग्रामीण सोहन महतो, सिपाही चौहान, मनोज वर्णवाल, विजेंद्र पासवान, जयप्रकाश पांडे, रवि चौबे, प्रदीप गुप्ता, गणेश साव, सुदर्शन चौहान आदि मौजूद थे।

## धनबाद कोयलांचल में राहुल गांधी की पदयात्रा को लेकर कांग्रेसी उत्साहित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रांची से चलकर बोकारो होते हुए धनबाद पहुंचेंगे। वे यहां झारखंड में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा की रूपरेखा को लेकर मीडिया के साथ कुछ चर्चा करेंगे। साथ ही आगे के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि प्रवक्ता ज्योति सिंह के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव, मीडिया प्रभारी राकेश सिंह व प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी भी धनबाद पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में राहुल गांधी का भव्य स्वागत होगा। इसे लेकर जिले के कांग्रेसी उत्साहित है। यह सूचना पुलिस एवं सभी पदाधिकारी को दे दी गई है।


**Govt. of Jharkhand**
**Department of Labour, Employment, Training & Skill Development**
**District Employment Exchange Cum Model Career Centre, Koderma**
**Email: deokod22@gmail.com, Website: www.koderma.nic.in**

Tender Reference No: -39 Date:-13th Jan, 2024

VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTEREST

| S. No | INFORMATION | DETAILS |
|---|---|---|
| 1 | NAME OF THE WORK | Hiring of organisation/ agency for Professional Career Counsellor/ Career Counselling Workshop |
| 2 | Number of Project | 08-15 |
| 3 | LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 22th Jan, 2024 at 12:15 PM |
| 4 | EOI SUBMISSION PLACE | District Employment Exchange, Koderma |
| 5 | DATE & TIME OF FOR THE POWERPOINT PRESENTATION AND OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 22th Jan, 2024 at 02:00 PM |
| 6 | VENUE FOR THE POWERPOINT PRESENTATION AND OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST. | District Employment Exchange, Koderma |
| 7 | NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING EOI | District Employment Exchange, Koderma |

NOTE: - For detailed Information please visit website: www.koderma.nic.in or Notice Board of District Employment Exchange, Koderma

PR 315986 Labour Employment and Traning(23-24).D

District Employment Officer Koderma



ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/77/2023-24 दिनांक– 13/01/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | व्यवहार न्यायालय, पलामू के पी0डी0जे0, फैमिली जज, ए0डी0जे0 चैम्बर, व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम में 2.0/1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 52,51,949=00 | 10,000=00 | 1,05,500=00 | 42 दिन |
| II | व्यवहार न्यायालय, लातेहार के पी0डी0जे0, फैमिली जज, ए0डी0जे0 चैम्बर, एवं व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम में 2.0/1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 55,64,318=00 | 10,000=00 | 1,11,500=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.01.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.01.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 30.01.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 31.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 316028 (Energy) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रांची।
ई प्रोक्यॉरमेंट टेन्डर नोटिस

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/ HATIAPROJECT/03/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Pipe laying work of clear water rising main from (near) Jagarnath pur Mandir to "Light House Project" Ani Mauja, Panchmukhi Mandir Dhurwa, Ranchi |
| 2 | प्राक्कलित राषि | रू0 92.47299 लाख। |
| 3 | अग्रधन की राषि | रू0 1.86 लाख। |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रू० 10000.00 हजार। |
| 5 | कार्य समाप्ति की अवधि | 150 दिन। |
| 6 | बेवसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | 18/01/2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से। |
| 7 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31/01/2024 को अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 8 | अग्रधन /परिमाण विपत्र की राषि | ऑनलाइन भुगतान करें |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02/02//2024 को अपराह्न 04.30 बजे से। |
| 10 | प्री बिड बैठक की तिथि एवं समय | नहीं। |
| 11 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा रॉची – 834002। |
| 12 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची। |
| 13 | प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9835068475 |
| 14 | ई प्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र नं0 | 0651-2480345 एवं 9931100907 |

**NB:- For Details**
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, रॉंची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, रॉची।

PR 316068 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी
ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण
(4th Call)

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या& PMAAGY/F2-10/2023-24 दिनांक–10.1.2024

कार्य का नाम:–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | ग्राम | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | Construction of Boulder Masonry Drain 350.56 Feet | Madhatu | अड़की | 4.00 | 0.00750 | 0.08 | 30 दिन |
| 02. | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Jojohatu | खूंटी | 6.00 | 0.01250 | 0.12 | 30 दिन |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Kujram | | | | | |
| | Construction of Boulder Masonry Drain 198 Feet | Sandasom | | | | | |

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–13.01.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–19.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः–19.01.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal - jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः–22.01.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.–मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूंटी/7320969093/ email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट–बढ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

PR 316000 Minor Irrigation(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया 4जी मोबाइल टावर का शिलान्यास



- पटिसारी और कान्हूपुरा गांव के लिए नये टावरों की घोषणा की गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी स्टैक का उपयोग करते हुए 4जी संतृप्ति परियोजना के हिस्से के रूप में 13 जनवरी 2024 को मयूरभंज जिले के बेटनटी ब्लॉक के तहत मनतापाल गांव में 4जी मोबाइल टावर की स्थापना के लिए आधारशिला रखी।

मयूरभंज जिले में लगभग 94 मोबाइल टावर, जिससे स्थानीय नागरिकों को डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। बेहतर डेटा संचार सुविधाएं रोजगार सृजन, ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच, डिजिटल समावेशन और आम लोगों के सशक्तिकरण सहित कई अवसर प्रदान करेंगी। गौरतलब है कि सुदूरवर्ती गांव मनतापाल में पहली बार किसी मंत्री ने दौरा किया है। अश्विनी वैष्णव के इस कार्य से स्थानीय ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गये। इन संथाल और उड़िया ग्रामीणों ने उनके कल्याण पर विचार करने के लिए प्रधान मंत्री और मंत्री को धन्यवाद दिया। मंत्री द्वारा बडसाहि ब्लॉक के अंतर्गत पटिसारी गांव और कान्हूपुरा गांव के लिए नये टावर की भी घोषणा की गयी।

# एनएलसीआइएल ने बीएचइएल को 2400 मेगावाट थर्मल पावर परियोजना आवंटित की

- यह परियोजना झारसुगुड़ा जिले में शुरू होगी
- पर्यावरण-अनुकूल नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग होगा
- न्यूनतम लागत बिजली से तमिलनाडु, ओड़िशा, केरल और पुदुचेरी लाभान्वित होंगे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय के तहत एक नवरत्न कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में 2,400 मेगावाट क्षमता (3X800 मेगावाट-चरण क) की पिट हेड ग्रीन फील्ड थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने के लिए आइसीबी रूट के तहत प्रतिस्पर्धी निविदाएं आमंत्रित करने के बाद बीएचइएल को इपीसी अनुबंध का आवंटन दिया है। यह परियोजना अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। 2400 मेगावाट की पूरी बिजली तमिलनाडु, ओड़िशा, केरल और पुडुचेरी राज्यों के साथ जुड़ी हुई है और इस आशय के पीपीए पहले ही निष्पादित हो चुके हैं। अनुबंध के क्षेत्र में 3 800 मेगावाट- 2400 मेगावाट चरण-क के लिए बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर, संयंत्रों का संतुलन, एफजीडी और एससीआर जैसे उपकरणों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है।

इस थर्मल परियोजना के लिए कोयला लिंकेज एनएलसीआइएल की 20 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की मात्रा में तालाबीरा द्वितीय और तृतीय खदानों द्वारा उपलब्ध है, जो वर्ष 2020 से ही ओड़िशा के झारसुगुड़ा और संबलपुर जिलों में कार्य कर रहा है। इस परियोजना के लिए आवश्यक पानी हीराकुंड जलाशय से उपलब्ध होगा और बिजली उत्पादन आईएसटीएस और एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से होगा। यह परियोजना पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के दिशा निर्देशों को पूरा करने के लिए एफजीडी और एससीआर जैसे नवीनतम प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के साथ शुरू होगी। बायोमास हैंडलिंग सिस्टम के साथ-साथ विद्युत मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप हरित पहल के हिस्से के रूप में बॉयलरों को बायोमास की सह-फायरिंग के अनुरूप डिजाइन किया जायेगा। परियोजना की पहली इकाई वित्तीय वर्ष 2028-29 के दौरान शुरू होने के लिए निर्धारित है। चूंकि यह पिट हेड थर्मल परियोजना है, अतः परिवर्तशील लागत प्रतिस्पर्धी होगी और एनएलसी इंडिया द्वारा न्यूतम लागत बिजली उत्पादन किया जायेगा और लाभार्थियों को न्यूनतम लागत बिजली दी जायेगी।

# उच्च शिक्षा सुधार में बड़ा कदम
# ई-व्याख्यान प्रणाली शुरू 11 विषय अपलोड किये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा में सुधार के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। ई - व्याख्यान प्रणाली शुरू कर दी गयी है। इसने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से 11 विषयों को अपलोड किया है। यह उत्कल विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किया गया है। उच्च शिक्षा के विशेष सचिव ने सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को इसका वर्चुअल रूप से लाभ उठाने के लिए लिखा है।

4 सेमेस्टर के पाठ्यक्रम https://vtputkal.odisha.gov.in इस लिंक पर क्लिक करके पढ़े जा सकते हैं।

छात्र घर बैठे सेमेस्टर की तैयारी कर सकते हैं। इस पोर्टल पर फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, उड़िया, हिस्ट्री, इंग्लिश जैसे 11 कॉलेज और यूनिवर्सिटी लेवल के कोर्स अपलोड किये गये हैं। रूषा और ओडिशा सरकार के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए नयी संभावनाएं पैदा करना है।

# आइए&एडी पूर्व जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** रेलवे इंडोर स्टेडियम ने आइए&एडी पूर्व जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी की, जहां पूरे क्षेत्र की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं ने एक रोमांचक प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष एकल वर्ग में, एजी पश्चिम बंगाल के जी बापिंदर विजयी हुए, उन्होंने एजी मणिपुर के बिद्या सागर सलाम को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस बीच, महिला एकल वर्ग में, एजी बिहार की दीपाली गुप्ता चैंपियन रहीं, जबकि डीजीए, पूर्व रेलवे कोलकाता की पी निशिता वर्मा उपविजेता रहीं। एजी पश्चिम बंगाल ने पुरुष ग्रुप चैंपियनशिप हासिल करके अपना दबदबा कायम किया, जबकि एजी ओडिशा ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए पुरुष ग्रुप वर्ग में उपविजेता स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा उपस्थित थे। राज कुमार पीआर सहित विशिष्ट अतिथिगण महालेखाकार (लेखा परीक्षा) और कुलवंत सिंह महानिदेशक (लेखा परीक्षा), पूर्व तट रेलवे और पीआर एजी (ए एंड इ) विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे।

# फ्लावर शो और शरद उत्सव समारोह का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में दो दिवसीय (13 और 14 जनवरी-2024) फ्लावर शो और शरद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में फ्लावर शो का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनीत सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर ने किया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह और संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी अधिकारी, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्य, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य, आम नागरिक और पुष्प प्रेमी फ्लावर शो में उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि पुष्प प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है। पुष्प प्रेम, स्नेह और उत्सव का प्रतीक हैं।

संबलपुर मंडल के विभिन्न विभाग, संबलपुर, बरगढ़, बलांगीर, कांटाबांजी, रेढ़ाखोल, टिटिलागढ़, महासमुंद, मुनिगुडा की विभिन्न रेलवे इकाइयों और अन्य संगठनों और नर्सरियों ने भी फ्लावर शो में भाग लिया। फूलों की 50 से अधिक श्रेणियां और पौधों के साथ हजारों रंगीन फूलों के गमले दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। फ्लावर शो आम जनता के लिए रात 9 बजे तक खुला रहेगा। शाम 6 बजे से रात 9 बजे के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। फ्लावर शो में फूड स्टॉल और गेमिंग जोन भी उपलब्ध हैं। पुष्प प्रेमियों और आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे प्रदर्शनी को देखें और आनंद लें।

# कटक रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है माणियाबंध हथकरघा के उत्पाद

- माणियाबंध के बुनकरों के लिए अपने द्वारा बुने गये उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कटक रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल में कटक जिले की बड़ंबा तहसील के माणियाबंध गांव के हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। अब कटक रेलवे स्टेशन पर यात्री स्टेशन परिसर में ही प्रसिद्ध माणियाबंध हैंडलूम उत्पादों को पा सकते हैं। ओड़िशा के बड़म्बा की अपनी हालिया यात्रा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्थानीय बुनकरों को वन स्टेशन वन प्रोडक्ट पहल के तहत कटक स्टेशन पर माणियाबंध स्टॉल खोलने का आश्वासन दिया था। भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, आदिवासियों आदि का कल्याण और उनकी बेहतर आजीविका के उद्देश्य से एक स्टेशन-एक उत्पाद अवधारणा की घोषणा की गयी थी। उनके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए रेलवे स्टेशन एक विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा। इस पहल के एक भाग के रूप में, 5000 से अधिक बुनकरों वाले माणियाबंध हैंडलूम क्लस्टर कंसोर्टियम, कटक को कटक रेलवे स्टेशन से होकर आने-जाने वाले यात्रियों को हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बेचने का अवसर मिला है।

रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लाभान्वित कारीगरों और शिल्पकारों के लिए एक मंच के रूप में काम कर रहे हैं।

वर्तमान में खोरधा रोड मंडल के पास 12 रेलवे स्टेशनों यानी भुवनेश्वर, पुरी, खोरधा रोड, बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, कटक, जाजपुर केंदुझर रोड, भद्रक, अंगुल और ढेंकानाल रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल हैं।


कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

OXFORD PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE DELHI | AFFILIATION NO: 3430121
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI- 834011
CONTACT NO: 7485096731/33
ADMISSION NOTICE: SESSION 2024-25
CLASSES PRE-NURSERY - IX
Admission forms for Classes Pre-Nursery to IX are available at the School Office Counter on all working days between 9:00 AM - 2:00 PM and can also be downloaded from our website. Parents must carry a copy of Aadhar and/or a proof of Date of Birth of their ward to procure the admission form.
FOR MORE DETAILS, VISIT : OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN

MONTFORT SCHOOL, HAZARIBAG
(Canary Hill Road, Hazaribag, Jharkhand, Pin-825301)
Affiliated to C.B.S.E (10+2), Affiliation No:3430404
E-mail:montforthzb@gmail.com Website:www.montforthazaribag.in
Phone. No: 8969314547 / 06546-270272
TEACHERS REQUIRED
Applications are invited for teaching post from experienced candidates with **good academic record, communication skill** and interest in co-curricular activities for the following posts:

| POST | Qualification |
|---|---|
| Primary School (PRT Grade) (Hindi, Computer, English & PTI) | Graduation and D.El.Ed/B.Ed |
| Secondary School (TGT Grade) (English, Social Science, Hindi & Mathematics) | Graduation/ Post Graduation and B.Ed |
| Sr.Secondary School (PGT Grade) (English, Physics & Computer) | Post Graduation and B.Ed |
| Pre-Primary School | Graduation with Montessori Teachers Training |

The management reserves the right to call only deserving candidates for the interview. Please E-mail your CV with handwritten application and photograph at montforthazaribag@gmail.com or you can submit hardcopy in the school office **latest by 27.01.2024.**

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**